आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 3, अंक 312, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार



अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

## शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए रवाना, 41 साल बाद भारत की वापसी

# अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा



अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।



स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री।

### यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

### शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम–4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।

### अंतरिक्ष से शुभांशु बोले क्या कमाल की राइड थी

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (सफर) थी! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-04

# संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

**आपातकाल के 50 साल**

## इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।



हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

## लोकतंत्र सेनानियों एवं परिजनों का अब होगा कैशलेस उपचार



लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी बोले-आपातकाल के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

## नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 01 जुलाई से

**लखनऊ।** यूपी नीट एमडीएस-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। चार जुलाई तक अभ्यर्थियों को धरोहर राशि जमा करनी होगी, आठ को सीट आवंटन के बाद 14 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग की समय सारिणी बुधवार को घोषित कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट एमडीएस-2025 की पहली काउंसिलिंग एक जुलाई से शुरू हो रही है। धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच होगी और चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

तत्पश्चात अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता ऑनलाइन देनी होगी। आठ जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे, अगले दिन से संबन्धित मेडिकल कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकारी डेंटल कॉलेजों के लिए 30 हजार और निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

## सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक
- दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।

तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा। इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की उच्च अपेक्षा वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

## आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई
- गिरफ्तारी से पूर्व उनके आवास सहित 25 जगहों पर मारे छापे

पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।



**विडंबना** लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले... फिर भी नहीं हो सका नदी का कायाकल्प

## आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।

नदी क्षेत्र में अजबापुर चीनी मिल है। इस नदी में दो प्रमुख नाले आकर मिलते हैं, जिनमें एक छोहा है और दूसरा अंधरा छोहा है। छोहा अजबापुर चीनी मिल के किनारे से आकर सोहौना गांव होते हुए गोमती नदी में मिलता है। अंधरा छोहा मोहम्मदी के पास से निकलकर मकसूदपुर और बरवर के बीच निकलकर गोमती में मिलता है।



मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

### प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी–बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।

### विधायक ने उठाया था गोमती बचाओ का मुद्दा



मोहम्मदी से भाजपा विधायक और पंचायती राज विभाग के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मई 2022 में विधानसभा सत्र में अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गोमती उद्गम स्थल और शारदा नदी में बहुत लंबी दूरी नहीं है। ऐसी स्थिति में शारदा का अतिरिक्त पानी गोमती में छोड़े जाने पर गोमती को जीवनदान मिल जाएगा। नहर निर्माण से शारदा को बाढ़ से राहत, गोमती को निर्मलता और अविरलता के साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा।

## एक नजर

### मकान में घुसी डीसीएम युवक घायल

**रुदौली, अमृत विचार :** थाना पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरायल कला गांव के पास मंगलवार रात डीसीएम अनियंत्रित होकर गांव के रहने वाले राकेश कुमार विश्वकर्मा के मकान में घुस गई। घर में सो रहा बेटा प्रियांशू (17) गंभीर रूप से घायल हो गया।परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। डीसीएम चालक वाहन छोड़कर भाग गया। हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि घायल प्रियांशु को जिला अस्पताल भेजा गया है। डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकान से भरा नमूना

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** खाद्य विभाग की टीम से बुधवार को नन्सा बाजार के एक मिठाई की दुकान से सोयाबीन का नमूना भरा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नन्द किशोर यादव ने बताया कि नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

# अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी

**मुख्य मार्ग के सामने सवारी भरने के चक्कर में आड़ा तिरछा वाहन खड़ा कर लगा देते हैं जाम**

**सवारियों को लेकर मची रहती है होड़, अक्सर होता विवाद**

**कुंभ मेले के दौरान स्टेशन के तीनों ओर बेरिकेडिंग लगाकर रिक्शा चालकों के प्रवेश पर लगाया था प्रतिबंध**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से यात्री ही नहीं राहगीर भी परेशान हैं। स्टेशन के निकास द्वार पर सवारी भरने के लिए ई-रिक्शा चालक अनियंत्रित रूप से अपने वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा कर देते हैं। जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। सवारियों को लेकर चालकों के बीच होड़ मचती रहती है, जिसके चलते आपसी विवाद भी आम हो गए हैं।

यह स्थिति न केवल यात्रियों के लिए परेशानी का सबब है, बल्कि स्थानीय यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करती है। कुंभ मेले के दौरान इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने स्टेशन के आसपास के तीनों ओर बैरिकेडिंग लगाकर ई-रिक्शा चालकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था। इस कदम से कुछ हद तक व्यवस्था में सुधार हुआ था, लेकिन सामान्य दिनों में प्रतिबंध हटाने से यह समस्या फिर से उभर रही है।

पूर्व में अयोध्या दौरे पर आए रेलवे के उच्चाधिकारियों ने आरपीएफ को ई रिक्शा, ऑटो समेत अन्य सवारी वाहनों को गेट से दूर करने के निर्देश दिए थे। आरपीएफ ने यात्री आश्रय स्थल के पास बेरिकेडिंग भी कर रखी है लेकिन स्टाफ की तैनाती न होने से ई रिक्शा चालकों को मनमानी करने का मौका मिल रहा है।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के गेट पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े ई-रिक्शा वाहन। अमृत विचार

### लोग बोले- महाकुंभ की तरह हों प्रतिबंध

रायगंज निवासी जीवन त्रिपाठी ने कहा कि रामपथ पर प्रतिबंध के चलते हम लोग श्रीराम अस्पताल या अयोध्या शहर जाने के लिए इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। स्टेशन के गेट के पास ई रिक्शा चालक वाहन के साथ इस तरह खड़े रहते हैं कि निकलना मुश्किल हो जाता है। शिवपाल चौहान ने कहा कि एक सप्ताह पहले स्टेशन के सामने एक रिक्शा चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक तो क्षतिग्रस्त तो हुई ही साथ ही मुझे भी चोट आई। कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान लागू बैरिकेडिंग और प्रतिबंध जैसे उपायों को स्थायी रूप से लागू करने पर विचार किया जाए, खासकर पीक समय में। रेलवे को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा अनुभव मिल सके।

"स्टेशन के द्वार के पास ई-रिक्शा व अन्य सवारी वाहनों को आने से रोका जाएगा। इसके लिए बेरियर पर जवानों की तैनाती की जाएगी। मैं स्वयं इस पर निगरानी कर कार्रवाई करूंगा। -नीरव मिश्रा, थाना प्रभारी आरपीएफ।"

## मर्जर के विरोध में संघ तेज करेगा जनसंपर्क : डॉ. संजय

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह व जिला मंत्री प्रेम कुमार वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों, अभिभावकों, समाज के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों आदि को परिषदीय विद्यालयों को समायोजित करने के खिलाफ अभियान चलेगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी समाज के बीच में जाकर के मर्जर के दुष्परिणामों से समाज को जागृत करेंगे और ग्राम प्रधानों से निवेदन करेंगे कि वह मर्जर पर अपनी सहमति कदापि न प्रदान करें। इस समय स्कूल मर्जर के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध आखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ पूरे प्रदेश में जनसंपर्क अभियान चला रहा है और उसी के क्रम में 27 जून को तिकोनिया पार्क तहसील सदर में दोपहर एक बजे जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मर्जर की कार्वाई पिछले सत्र की छात्र संख्या पर की जा रही है। जो गलत है। कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनमें वर्तमान में छात्र संख्या अधिक है लेकिन पोर्टल पर उनकी छात्र संख्या कम दिख रही है। कहा कि वर्तमान की छात्र संख्या का भी ध्यान रखा जाए।



डॉ. संजय सिंह।

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज देशहित के कार्यों पर लगाती है प्रश्नचिन्ह

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज देशहित के कार्यों पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। देश आपातकाल को काला दिवस के रुप में मना रहा है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी। आपातकाल के दौरान जिस कांग्रेस ने संविधान की हत्या की थी। आज वह दूसरों पर आरोप लगा रही है। ये बातें भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कहीं। वह सर्किट हाउस सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। कहा कि आपातकाल के बारे में वर्तमान पीढ़ी को जानकारी देने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तत्समय के घटनाचक्र की वर्तमान पीढ़ी को जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के पहले व इमरजेंसी के बाद भी भारत एक बीमारू देश के रूप में था। देश में भुखमरी की स्थिति थी। कांग्रेस केवल गरीबी हटाओ का नारा देती थी, लेकिन भाजपा की सरकार आते ही अंत्योदय की शुरुआत हुई। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने गरीबों को आवास दिया। इतने बड़ी संख्या में किसानों को सम्मान निधि देने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। गरीब कल्याण की योजनाएं जमीनी स्तर पर लागू की गई है।



सर्किट हाउस सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह। साथ में अन्य पदाधिकारी।

**भाजपा के प्रदेश मंत्री शिव भूषण ने कहा- कांग्रेस ने की थी लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश**

जब कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा के नेता देशहित में किए कांग्रेस के कार्यों की तारीफ करते थे। जिस कांग्रेस के सैकड़ों बार संविधान को बदला। आज वह संविधान को लेकर लोगो को गुमराह कर रही है। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चन्द्रभानु पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित आदि मौजूद रहे।

## होटल, रेस्टोरेंट जैसे प्रतिष्ठानों का कराएं सराय एक्ट में पंजीकरण

**अयोध्या, अमृत विचार:** सराय एक्ट में रजिस्ट्रेशन को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को संबंधित उद्यमियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि ऐसे होटल , रेस्टोरेन्ट, अवस्थापन स्थल (होम स्टे को छोडकर), का सराय एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। जल्द से जल्द निर्धारित प्रारूप पर रजिस्ट्रेशन के लिए सराय एक्ट में आवेदन कर दें। बैठक में एसएसपी गौरव ग्रोवर, एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, एडीएम नगर, पुलिस अधीक्षक नगर, नगर मजिस्ट्रेट, उपनिदेशक पर्यटन, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# बाढ़ को लेकर कर्मचारियों की तैनाती, ली जाने लगी रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरयू में बाढ़ पर नजर रखने के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई। जलस्तर की रिपोर्ट प्रतिदिन ली जाने लगी। फिलहाल नदी में पानी उतार पर है। तीन दिन पहले नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण सरयू का जल स्तर 90.240 तक पहुंच गया था लेकिन मंगलवार की शाम यह नीचे 90.150 तक पहुंच गया है, लेकिन 10 बाढ़ केंद्र सक्रिय कर दिए गए हैं। बाढ़ शराणालयों को भी तैयार कर लिया गया है। जानवरों के लिए भूसे की आपूर्ति और शरणार्थियों को दिए जाने वाले लंच पैकेट का टेंडर भी प्रशासन ने करा लिया है।

बारिश के साथ सरयू में हर साल बाढ़ आती है। कछार में तबाही मचाती है। बाढ़ से बचाव के लिए बंधों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। इस बार भी गांव के लोग तो कह रहे हैं कि जानबूझकर काम

**नदी में पानी उतार पर लेकिन 10 बाढ़ केंद्र सक्रिय**

देर से शुरू किया जाता है। जिससे अधूरे काम को भी पूरा मान लिया जाए। फिलहाल यह अलग तैयारी है लेकिन बाढ़ से बचाव को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। जिले में बाढ़ तीन तहसीलों में तबाही मचाती है। रुदौली, सोहावल और सदर तहसील के कई गांव इसकी चपेट में आते हैं। प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए 37 बाढ़ टीमें बनाई है। 14 बाढ़ शरणालय और 10 बाढ़ केंद्र बनाकर कर्मचारी तैनात कर दिए गए। प्रतिदिन नदी के पानी की स्थिति ली जाने लगी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ से बचाव को लेकर तैयारियां कर ली गई है। हालांकि नदी अभी खतरे के निशान से काफी नीचे हैं। बंधों पर बाढ़ कार्यखंड से मरम्मत का काम अंतिम दौर में है। बाढ़ से बचाव की तैयारी पूरी है।

## सार-संक्षेप

### साधना दिवस के रूप में आज मनेगी पं. आमिल की जयंती

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री अध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज के संस्थापक निर्वाहक स्व. राम कृष्ण पाण्डेय आमिल का 94 वीं जयंती गुरुवार 26 जून को मनाई जाएगी। पीठ परिवार इसे साधना दिवस के रूप में मनाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी सुधीर कुमार पाण्डेय ने बताया कि सुबह आठ से 10 बजे तक गुरुदेव भगवान के श्री विग्रह का अभिषेक होगा। 10 से 11 बजे तक गुरुगीता का पाठ और आमिल प्रतिभा पुरस्कार का वितरण होगा। इसके बाद आरती पुष्पांजलि होगी। फिर 12 बजे से भंडारे शुरू होगा। बताया कि साधकों की साधना का कार्य शुरू हो चुका है।

### वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का 461 वां बलिदान दिवस चाँदपुर हरबंश में बुधवार को जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल गोंड की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय ने महारानी दुर्गावती के संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा गोंड समाज को महारानी दुर्गावती के बताए हुए रास्ते का अनुसरण करे। गोंड महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबू राम गोंड ने कहा कि समाज को महारानी दुर्गावती के बताए हुए रास्ते को अपनाने और सीख लेने की जरुरत है। पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने कहा जो समाज अपने इतिहास को याद करता रहेगा वही समाज जिंदा नजर आयेगा। संचालन तरजीत गोंड ने किया। इस अवसर पर सरोज यादव, दलसिगांर गोंड, केपी गोंड़, बुधिराम आदि मौजूद रहे।

### इतिहास में आत्मकथाओं को प्राथमिक शोध की मान्यता : डॉ. संजय

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय चौधरी को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा शोध परियोजना दलित साहित्य का अध्ययन एवं उसके ऐतिहासिक विश्लेषण पर कार्य करने के लिए वर्ष 2021 में चुना गया था। डॉ. चौधरी द्वारा इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण कर परिषद को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया की दलित साहित्य के विश्लेषण के लिए उत्तर भारत बेल्ट के हिंदी दलित लेखकों के दृष्टिकोण का पता लगाने के लिए यह शोध कार्य किया गया था। इस शोध परियोजना में दलित लेखकों की सोच और उनकी रचनाओं, उनके द्वारा लिखी गई आत्मकथाओं पर आधारित रहा। उन्होंने कहा कि इतिहास में आत्मकथाओं को प्राथमिक शोध के तहत मान्यता होती है।

### चक मार्ग पर धान की रोपाई की शिकायत

**कुमारगंज, अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के टिकटी गांव में चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भखौली पूरे कुंजल गांव के रहने वाले पीड़ित बंशीलाल ने चक मार्ग पर कब्जे को लेकर क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर से मिलकर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले 6 जून को हुई शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया था। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### संविदा व निविदा विद्युत कर्मियों का धरना जारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संविदा व निविदा विद्युत कर्मियों की बहाली की मांग को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय में चल रहा धरना बुधवार को 65 वें दिन जारी रहा। धरना में उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर पंचायत के प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्र, जिलाध्यक्ष जय गोविन्द समेत कड़ी संख्या में कर्मी मौजूद रहे।

### बाइक चोरी की आशंका में युवक को पुलिस को सौंपा

**सोहावल, अमृत विचार :** सत्तीचौरा चौकी क्षेत्र के बिसौली तिराहे पर खडी कोटिया बकचुना के रहने वाले शिक्षक राजेश यादव की बाइक चोरी हो गई। विद्यालय कर्मियों ने तलाश शुरू कर दी। बाइक ले जाना वाला इसी थाना क्षेत्र के देवराकोट का रहने वाला युवक मौके पहुंच उसी स्थान से बाइक छोड़ साइकिल लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। चौकी प्रभारी राकेश राय ने बताया हिरासत मे लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, माता-पिता गंभीर

**अयोध्या अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत गोरखपुर लखनऊ राजमार्ग पर बूथ नंबर चार के पास ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी व मासूम को टक्कर मार दी। हादसे में एक साल के सूर्यांश की मौके पर मौत हो गई जबकि माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि सुल्तानपुर निवासी अनिल पुत्र सियाराम बाइक से बस्ती जा रहे थे। रास्ते में यह हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल माता-पिता को दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### बालक से कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** कोतवाली नगर पुलिस ने गत दिवस एक लॉन में छह वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि आरोपी बाल अपचारी है।

### किशोर ने लगाई फांसी

**अयोध्या।** कोतवाली नगर क्षेत्र के एक इलाके में पिता मो. नईम अंसारी की डांट से नाराज दिलकुशा मोहल्ला निवासी नवीर (14 ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।नगर कोतवाल अश्वनी पांडे ने बताया की प्राथमिक जांच में पिता की डांट से नाराज होकर आत्महत्या का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है।

### 1 जुलाई से पहले कोई मान्यता प्राप्त स्कूल खुला तो होगी कार्रवाई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शासन के मंशानुरुप डीएम निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर जिले में कक्षा एक से लेकर कक्षा 8 तक सभी सरकारी तथा गैर सरकारी मान्यता प्राप्त परिषदीय विद्यालय 30 जून तक नहीं खुलने चाहिए। बीएसए अवनीश कुमार पांडेय ने बताया अगर कोई भी विद्यालय एक जुलाई के पहले खुले पाए गए तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

### सीजेएम के आदेश की अवहेलना पर आरटीओ तलब

**अयोध्या।** सीजेएम ने आरटीओ रितु सिंह को चलानी रिपोर्ट सात दिन में न्यायालय न भेजने पर 30 जून को तलब कर लिया है। कोतवाली नगर के मोदहा निवासी विजयवर्धन की स्कॉर्पियो कार 12 जून को आरटीओ ने सीज की थी। इसके रिलीज करने का प्रार्थना पत्र वाहन स्वामी ने अपने अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा सीजेएम न्यायालय में 18 जून को प्रस्तुत किया था। सात दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सीजर आरटीओ ने न्यायालय में नहीं भेजा। इसे सीजेएम ने अदालत के आदेश की अवमानना मानते हुए आरटीओ को चलानी रिपोर्ट सहित 30 जून को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।

### तांत्रिक बन महिला से ठगे झाला व मंगलसूत्र

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** बाइक सवार युवकों ने नवाब बाजार चौराहे के पास तांत्रिक बनकर पुष्करपुरम कॉलोनी निवासी उषा देवी पत्नी रमेश कुमार से सोन का झाला और मंगलसूत्र ठग लिया। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 2025 तक अयोध्या को बनाया जाएगा टीबी मुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप अयोध्या नगर निगम को क्षय रोगी मुक्त बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम हर संभव प्रयास कर रहा है। यह कहना था महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का। वह बुधवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्किट हाउस में आयोजित पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि क्षय रोग का अच्छे पोषण और समयबद्ध दवाओं के सेवन से इलाज किया जा सकता है। उन्होंने नगर के संपन्न लोगों से टीबी रोगियों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय ने कहा कि तपेदिक रोग का प्रकोप अस्वच्छता का परिचायक है। लोगों को अपने आस-पास साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए और टीबी के लक्षण दिखने पर छिपाने के बजाय खुद आकर जांच करानी चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने कहा कि मधुमेह रोगियों, धूम्रपान, शराब एवं नशीली दवाओं का सेवन करने वालों को टीबी का खतरा कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ल ने बताया कि थकान, सिर दर्द, वजन घटना, बुखार, रात में पसीना आना, भूख की कमी, लगातार खांसी आना, खून की कमी, छाती में हल्का दर्द आदि टीबी के लक्षण हैं। ये लक्षण प्रकट हों तो चिकित्सक से परामर्श लेकर जांच कराएं। इस मौके पर 200 रोगियों को पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, डॉ. वेद प्रकाश, नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय, विजय पांडेय, प्रवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

## दामाद को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाली मां-बेटी गिरफ्तार

**रुदौली, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम टांडा सूफी गांव में दामाद को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाली मां-बेटी को कोतवाली रुदौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ग्राम टांडा सूफी निवासी सुलोचना सिंह का वर्ष 2022 दिल्ली निवासी प्रिंस सिंह के साथ प्रेम विवाह हुआ। प्रिंस की मां की तहरीर के मुताबिक विवाह के बाद से ही बहू आकांक्षा और बेटे प्रिंस के बीच मनमुटाव हो गया। इस बीच बहु आकांक्षा का सोफियान निवासी लोहरासपुरवा से प्रेम संबंध हो गया। दोनों की बातचीत से परेशान प्रिंस मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। प्रिंस ने 11 मई को ससुराल में बहू,सास, सोफियान और साहब सिंह की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खा लिया।इलाज के दौरान उसका निधन हो गया। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि ग्राम टांडा सूफी निवासी आकांक्षा सिंह,उसकी मां सुलोचना सिंह को जेल भेजा गया है। दो आरोपी साहब सिंह,सोफियान की तलाश की जा रही है।

# आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को किया सम्मानित किया गया।

प्रदर्शनी और कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी व विधायक मिल्कीपुर चन्द्रभानु पासवान ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह और जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने अतिथियों को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। महापौर व विधायक मिल्कीपुर ने लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों राम उजागिर बीकापुर, छग्गू लाल बीकापुर, गिरधर गोपाल रूदौली, रामचन्दर सदर, रविन्द्र शुक्ला सदर, विश्राम बीकापुर, बदलू बीकापुर व सरोज सदर और आपातकाल के दौरान पीड़ित साहबदीन व भवानी




सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

**लगाई गई प्रदर्शनी, लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को किया गया सम्मानित**

प्रसाद त्रिपाठी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक ऐसा अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता, उस दौर में जिन लोगों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की वे वास्तव में हमारे समाज के प्रेरणा स्रोत हैं। कहा कि आज का दिन हमें इस बात का संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे।

कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी गिरधर गोपाल ने अपने अनुभवों को साझा किया। जनप्रतिनिधियों और मौजूद नागरिकों ने मुख्यमंत्री के लखनऊ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आधारित लघु फिल्म को देखा। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**गम का महीना** | कल से शुरू होगा मोहर्रम, आज नजर आयेगा चांद

# घरों में बिछेगी फर्श-ए-अजा, गूंजेगी नौहों-मातम की सदाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दो महीने आठ दिनों तक चलने वाले गम का महीना शुक्रवार से शुरू हो रहा है। मोहर्रम के गुरुवार को चांद होने की पूरी उम्मीद है। इसके साथ ही घरों में मजलिस और मातम की तैयारी भी शुरू हो गई है। अजाखानों में गुरुवार शाम और पहली मोहर्रम से ताजिया सजा दिए जायेंगे। कर्बला के 72 शहीदों की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम में शिया अजादार पूरी शिद्दत से अपने गम का इजहार करते हैं।

नगर के राठहवेली और रीडगंज, गुलाबबाड़ी के बगल में ताजिया बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। ताजिया बनाने वाले हकीम रुबानी बताते हैं कि पिछले साल की मुकाबले इस साल थोड़ा महंगाई जरूर है, कागज और बांस के दाम ऊंचे हैं। ताजिया बनाने वाली शबनम आरा ने बताया कि छोटे-बड़े सभी ताजिए हमारे यहां तैयार हो रहे हैं। हम सब पूरे परिवार मिलकर दो महीना पहले से ही ताजिया बनाने का काम शुरू कर देते हैं। शबनम ने बताया कि हमारे यहां का ताजिया सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लोग ही नहीं ले जाते हैं बल्कि हिंदू भाई भी जो आस्था रखते हैं वह भी यहां से ताजिए लेकर जाते हैं। इसीलिए यह अयोध्या की धरती को धर्मनगरी कहा जाता है। यहां पर हिंदू, मुस्लिम, सिख इसाई आपस में सब मिलजुल कर एक-दूसरे के त्यौहार में चाहे गम हो या खुशी वह शामिल होते हैं।

वहीं मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन भी पीस कमेटी की बैठक कर रहा है। जिसमें सभी समुदाय के लोगों को बुलाकर मोहर्रम के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत हो रहा है। नगर निगम भी मोहर्रम की तैयारी में है। हर जगह साफ सफाई हर जगह की जा रही है।मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने बताया कि मोहर्रम पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों के शहादत की याद में मनाया जाता है। बताया कि 61 वीं हिज़री तारीख-ए-इस्लाम में कर्बला की जंग हुई थी। यह जंग में इंसानियत के लिए और जुर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी गई थी। जिसमें हज़रत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ शहीद कर दिए गए थे।



राठहवेली मोहल्ले में ताजिया बनाते कारीगर।

### क़दीमी अशरा-ए-मजलिस पहली मुहर्रम से

- सुबह 5.15- मक़बरा बहु बेगम
- सुबह 6.30-बन्दु बेग इमामबाड़ा
- सुबह 7.00-इमामबाड़ा जवाहर अली
- सुबह 7.30-मरहूम शफ़ीक़ के घर
- सुबह 8.00-वासिफ के घर नौघड़ा
- सुबह 8.30-रिज़वान हैदर के घर
- सुबह 9.00-मरहूम सरफ़राज़ के घर
- सुबह 9.30-मरहूम शफात के घर
- सुबह 10:00- हुसैनी मंजिल
- सुबह 11:00- क़ाज़ी ज़ुहैर के घर
- दोपहर 12 :00- डॉक्टर रियाज़ के घर
- अपराह्न 3.30-कमरख दरगाह खुर्द महल
- शाम 4.30-गुलाबबाड़ी
- शाम 5.25-सैय्यद बन्दुबेग के घर

## सपा चलाएगी नगर निगम की पोल खोलो अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार।** सपा की महानगर कमेटी सभी वार्डों में पीडीए की बैठक कर नगर निगम की पोल खोल अभियान चलाएगी। इसका निर्णय बुधवार को गुलाबबाड़ी स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई मासिक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में नाले चोक है, जिससे लोगों के घरों में पानी जा रहा है। शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। हाउस टैक्स मनमाने ढंग से बढ़ाया जा रहा है, जो गांव नगर निगम में जुड़े है बिना वहां नगर की सुविधा दिए टैक्स की नोटिस भेजी जा रही है। कहा कि बहुत जल्द पीडीए पंचायत के साथ साथ नगर निगम की पोल खोल अभियान चला कर जनता के मुद्दों को उठाया जाएगा। अगर मुद्दों का निस्तारण नहीं हुआ तो सपा नगर निगम का घेराव करेगी। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि जिस तरह से अयोध्या के व्यापारियों को उजाड़ा गया, उसी तरह चौक मंडी में दुकानों को बिना नोटिस दिए और बिना कही स्थापित किए तोड़ दिया गया। इस अवसर पर श्रीचंद यादव, मो. हलीम पप्पू, अमृत राजपाल, दान बहादुर सिंह, शावेज़ जाफ़री एडवोकेट, लाल बहादुर शुक्ला, गोविंद यादव, मो. सुहैल, फरीद कुरैशी, हाजी असद समेत पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।




## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।

35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- अवध विवि में वित्त समिति की बैठक कौटिल्य प्रशासनिक भवन में सुबह 11:00 बजे से।
- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11:30 बजे से।
- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में अपराह्न 03:30 बजे से

## एक नजर

### कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 14 तक करें आवेदन



**अयोध्या, अमृत विचार :** वित्तीय साल 2025-26 में अन्य पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए विभाग से निःशुल्क ओ लेवल और ट्रिपल सी कम्प्यूटर दिया जाएगा। आवेदन करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जयनाथ ने बताया कि इच्छुक प्रशिक्षण के लिए 14 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### कल अश्विनीपुरम वार्ड में जाएगी स्थानीय सरकार

**अयोध्या, अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ शुक्रवार को अश्वनीपुरम वार्ड का भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्कों, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस दौरान जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान भी कराएंगे। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि भ्रमण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्ष को आवश्यक टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

# हड़बड़ी में पुलिस ने कर दी बड़ी गड़बड़ी, की संदेहास्पद विवेचना

- पुलिस के खुलासे पर उठे सवाल
- सीएमएस बोलीं- आरोपी हमारे यहां नहीं था तैनात



## बिना सीएमएस से आरोपी का सत्यापन कराए ही उसे बना दिया महिला अस्पताल का सिक्योरिटी गार्ड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खून के काले धंधे में मंगलवार को खुलासा करने वाली पुलिस बुरी तरह फंस गई है। असल में पुलिस ने जिस आरोपी को महिला अस्पताल का सिक्योरिटी गार्ड बताते हुए गिरफ्तार किया है, वह यहां पर तैनात ही नहीं था। इसकी पुष्टि जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ विभा कुमारी ने की है। उनका कहना है कि पुलिस ने जिस आरोपी को हमारे यहां तैनात आउटसोर्स पर सिक्योरिटी गार्ड बताया है, वह यहां तैनात ही नहीं था। कहा कि इसको लेकर पुलिस ने उनसे आरोपी का सत्यापन भी नहीं कराया। उन्होंने एसपी सिटी को फोन करके आपत्ति जताई और हर मामले में अस्पताल को बदनाम किए जाने की बात तक कह डाली। इसे लेकर पुलिस के जिम्मेदार अब इधर-उधर की बात कर रहे हैं।

पूरे मामले में विवेचक की भूमिका कटघरे में आ गई है। पता चला है कि विवेचक आज तक महिला अस्पताल गए ही नहीं और केस डायरी मोबाइल पर बातचीत से ही गढ़ डाली। यही नहीं विवेचक ने अधिकारियों को भी झूठी कहानी सुनाई और उसी के बाद आनन-फानन मामले का खुलासा कर खून के काले धंधे को दाखिल दफ्तर कर दिया। इस बहुचर्चित मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस एक हफ्ते से जांच में जुटी हुई थी। पुलिस के अधिकारी रोज तरह-तरह के बयान दे रहे थे। कभी बताते थे कि तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया है तो कभी कहते थे कि चौथे को भी उठाया गया है। पूछताछ की जा रही है, लेकिन मंगलवार शाम को पुलिस ने खुलासा करने के बाद महिला अस्पताल का दामन दागदार कर दिया। पुलिस की तरफ से बकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। मंगलवार को पुलिस मीडिया सेल पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया था कि आरोपी संदीप कुमार निवासी नवी का पुरवा थाना रौनाही महिला चिकित्सालय में आउटसोर्स से सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। संदीप ने पीड़ित अरविंद से खून दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, छलकपट व बेईमानी करते हुए 7000 रुपये ऑनलाइन लिये थे। उसे सूचना के आधार पर करीब एक बजकर 20 मिनट पर गांधी पार्क के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार करने वाली टीम चौकी प्रभारी रिकाबगंज रघुबीर सिंह व कांस्टेबल जुबेर की पीठ भी थपथपाई थी।



महिला अस्पताल में गार्डों का रिकार्ड चेक करने के बाद एसपी सिटी को फोन मिलाती सीएमएस डॉ. विभा कुमारी।




जिला महिला अस्पताल भवन।




### सीएमएस बोलीं-पुलिस ने ये क्या कर डाला

'अमृत विचार' के रिपोर्टर ने बुधवार को जब महिला अस्पताल पहुंचकर मामले की पड़ताल की तो खुलासा चौंकाने वाला था। सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने कहा कि हर तरफ से सिर्फ महिला अस्पताल को ही बदनाम करने का काम किया जाता है। उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड की जिम्मेदारी देख रहे कर्मचारी जेपी वर्मा को अपने कक्ष में बुलाया और रजिस्टर पलटवाया। देखा कि जनवरी से अब तक उनके यहां कोई भी संदीप कुमार नाम का कर्मचारी नहीं है। इसके बाद वह गुस्से से लाल हो गईं और कहने लगीं महिला को कमजोर समझकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है। यह पूरी तरह से गलत है। इस मामले के उजागर होने के बाद से आज तक कोई पुलिसकर्मी हमारे यहां नहीं आया। सिर्फ फोन पर बात करता था। एक बार यहां आकर पुष्टि तो कर लेते कि संदीप हमारे यहां का कर्मचारी है या नहीं। उन्होंने तत्काल प्रभाव से एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी को फोन लगाया और अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### जानकारी होने पर हतप्रभ हो गए सीएमओ

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने पहले कहा कि हम लोग बस अब एक पेपर और लिखेंगे और आरोपी कर्मचारी की सेवा समाप्त हो जाएगी। जब उन्हें बताया गया कि महिला अस्पताल की सीएमएस ने आरोपी संदीप को अपने अस्पताल का गार्ड होने से इन्कार कर दिया है तो वह भी हतप्रभ रह गए। कहा कि लगता है कि जल्दबाजी में गड़बड़ी हो गई है। हालांकि महिला अस्पताल को सत्यापित करना था। पुलिस को भी छानबीन कर लेनी चाहिए थी। मैं फिर से जांच करवाऊंगा। ये तो बहुत बड़ी गड़बड़ी हो गई है।

> पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि वह महिला अस्पताल में आउटसोर्स सिक्योरिटी गार्ड पद पर तैनात है। विवेचक ने आरोपी की गिरफ्तारी की थी। पूछताछ में उसने अपराध कबूल किया था। अगर आरोपी वहां तैनात नहीं है तो इसे विवेचना में शामिल किया जाएगा।
> **-चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सिटी।**

### मायने नहीं रखता कि आरोपी गार्ड था या नहीं : चौकी प्रभारी

पूरे मामले की जांच करने वाले विवेचक रिकाबगंज चौकी प्रभारी रघुबीर सिंह ने बताया कि आरोपी संदीप कुमार को रोडवेज के पास से पकड़ा गया था। जबकि मंगलवार को पुलिस मीडिया सेल पर आई खुलासे की विज्ञप्ति में आरोपी को गांधी पार्क के निकट से पकड़ा जाना बताया गया है। काबिलेगौर है कि गांधी पार्क और रोडवेज की दूरी में 500 मीटर की दूरी से अधिक का अंतर है। जब उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी गई और पूछा गया कि सीएमएस आरोपी को अपने यहां सिक्योरिटी गार्ड को पद पर तैनात न होना बता रही हैं तब विवेचक बोले हो सकता है वह न तैनात हो लेकिन आरोपी तो है ही। आरोपी के सिक्योरिटी गार्ड होने का जिक्र पुलिस की विज्ञप्ति में है। वह महिला अस्पताल का आउटसोर्स गार्ड था या नहीं, लेकिन यह जरूर है कि वह आरोपी था इसलिए उसे जेल भेज दिया गया है।

### आज डोनर को बयान देने के लिए बुलाया

जिला अस्पताल की तीन सदस्यीय जांच कमेटी की जांच अभी जारी है। जांच कमेटी के सदस्य व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि मामले के विवेचक से कहा गया है कि वह गुरुवार को डोनर आकाश को ब्लड बैंक बुलवाएं। उससे पूछताछ करनी है।

# मेडिकल स्टोर संचालक को एक साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचारः** बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले श्याम बिहारी को कोर्ट ने एक साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 20 हजार जुर्माना भी किया है। फैसला विशेष औषधि एवं सामग्री प्रशाधन के जज प्रेम प्रकाश की अदालत से बुधवार को हुआ।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि औषधि निरीक्षक सुमित कुमार वर्मा ने 18 फरवरी 2020 को मवई थाने के श्याम मेडिकल स्टोर पर जांच की थी। जांच में पता चला कि वह बगैर वैध औषधि विक्रय लाइसेंस के ही मेडिकल स्टोर संचालित कर रहा है। निरीक्षक द्वारा पूछे जाने पर भी उसने लाइसेंस नहीं दिखाया। मौके पर निरीक्षण के दौरान दुकान में मौजूद दवाओं के क्रय बीजक भी प्रस्तुत नहीं किया। औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर मौजूद दवा को सीज करके अदालत में परिवाद दायर किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए श्याम बिहारी निवासी सिपहिया कोटवा को सजा दी।

# एक से 15 जुलाई तक अनफिट स्कूल वाहनों के खिलाफ अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार।** परिवहन विभाग द्वारा एक से 15 जुलाई तक अभियान चलाकर अनफिट स्कूल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि जुलाई माह से जिले के समस्त विद्यालय में शिक्षण सत्र प्रारम्भ हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में सभी स्कूल वाहनों के स्वामियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने स्कूल वाहनों का फिटनेस आदि करा लें। अभियान के दौरान अनफिट पाए जाने वाले वाहनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।




बताया कि वर्तमान में अयोध्या में कर बकाया वाहन की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। कार्यालय द्वारा ऐसे वाहन स्वामियों को वसूली पत्र भेजा जा रहा है। सुविधा के लिए 28 जून को परिवहन कार्यालय में एक शिविर लगाया जा रहा है। इसमें कर बकाया वाहन स्वामी प्रार्थना पत्र देकर नियमानुसार छूट पाकर अपना बकाया कर जमा कर सकते हैं।

# सफाई नायक पर लगाए अवैध वसूली के आरोप

- उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने की चुनाव कराने की मांग

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या नगर निगम के सफाई नायक व अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों और अधिकारियों के शोषण का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार को शिकायती पत्र भी दिया गया है।

संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल समुंद्रे ने बताया कि नगर निगम में सफाई नायक विनय बाघमार द्वारा बिना किसी चुनाव के स्वयं घोषित अध्यक्ष द्वारा फर्जी संघ चलाया जा रहा है। यह पूर्ण रूप से अवैध और गलत है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि विनय बाघमार द्वारा संघ के नाम पर अधिकारियों व कर्मचारियों को डराकर और धमकाकर अवैध वसूली की जाती है। खास तौर पर सफाई कर्मचारी के देय के भुगतान व मृतक आश्रित व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरण में लंबा-लंबा सौदा कर शोषण किया जा रहा है। अनिल ने महापौर व नगर आयुक्त से मांग की है कि वे वोटिंग के माध्यम से संघ का चुनाव कराएं, ताकि तमाम कर्मचारियों का शोषण बंद हो सके।

# कनक भवन में श्रद्धालु की सोने की चेन चोरी

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामनगरी में श्रद्धालुओं के साथ स्नेचिंग करने वालों का गिरोह सक्रिय है। कनक भवन में आरती के दौरान एक वृद्ध महिला की गले से सोने की चेन किसी ने उड़ा दी। शैलेंद्र कुमार गुप्ता निवासी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ने थाना रामजन्मभूमि पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सपरिवार अयोध्या दर्शन-पूजन को आए थे। वह मंगलवार शाम कनक भवन मंदिर में आरती में मौजूद थे। इस दौरान किसी ने उनकी पत्नी प्रतिभा गुप्ता (64) के गले से कीमती सोने की चेन गायब कर दी। थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नीचे रैंकिंग वाले विभागों के अफसर व्यक्तिगत रुचि लें : कमिश्नर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** कमिश्नर गौरव दयाल ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षा का अनुरूप नहीं है वह व्यक्तिगत रुचि लेकर इसे बढ़ाएं। रैंकिंग में सुधार करें।वह बुधवार को आयुक्त सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने किसानों को मिलने वाला बीज अनुदान समयबद्ध रूप से उनके बैंक खातों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। सभी जिलाधिकारियों से कहा कि वे कृषि, मत्स्य पालन हेतु तालाब,आवास आवंटन के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति कराएं। सभी सीएमओ और सीएमएस को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। कहा कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार को एक पहचान देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। निर्देश दिए कि मण्डल व जिले स्तर के सभी अधिकारीगण स्वयं की एवं अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की फैमिली आईडी अवश्य बनवाएं और इसकी सूची अगली बैठक में प्रस्तुत करें।



आयुक्त सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त गौरव दयाल। अमृत विचार

- अधिकारी व कर्मचारी अनिवार्य रूप से बनवाएं अपनी फैमिली आईडी

कहा कि जिन ग्रामों में पाइपलाइन बिछाने के बाद गलियों और सड़कों के पुनर्स्थापन (रेस्टोरेशन) के कार्यों के संबंध में प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए गए हैं, उनकी भौतिक सत्यापन पुनः कराया जाए। यदि रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्ण न पाए जाएं तो संबंधित फर्म के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई की जाए। बैठक में डीएम अयोध्या निखिल टीकाराम फुंडे, डीएम बाराबंकी शशांक त्रिपाठी, डीएम सुल्तानपुर कुमार हर्ष, डीएम अम्बेडकरनगर अनुपम शुक्ला, डीएम अमेठी संजय चौहान, अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी, संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा, सीडीओ अयोध्या कृष्ण कुमार सहित अन्य अफसर थे।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को सीतापुर आई हॉस्पिटल गुलाबबाड़ी मार्ग, वशिष्ठ भवन दुराही कुआं टेढ़ीबाजार, साकेत सदन (अफीम कोठी), चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग और धर्मपथ से चौधरी चरण सिंह घाट के चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

सीतापुर आई हॉस्पिटल में प्रस्तावित 300 शैय्या चिकित्सालय के के अंदर पुरानी बिल्डिंग व बने कमरों का निरीक्षण किया। बताया कि प्रोजेक्ट को अनुमोदन मिलने के बाद अस्पताल बनना शुरू हो जाएगा। इस दौरान सीएमओ, नगर मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण व अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के साथ धर्मपथ से चौधरी चरण सिंह घाट पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। धर्मपथ पर चौपाटी हाट एवं निर्माणाधीन शौचालय के विषय में जानकारी ली। इसके बाद वशिष्ठ भवन निकट दुराही कुआ टेढ़ीबाजार का निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट मैनेजर सीएंडडीएस यूनिट-44 को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण कराएं। साकेत सदन (अफीम कोठी) का निरीक्षण करते हुये पार्क, पार्किंग, फिनीसिंग कार्य, लाइटिंग, कैमरा, शौचालय, पानी व्यवस्था आदि की जानकारी ली। फिर 14 कोसी परिक्रमा मार्ग में ककरही बाजार, गुप्तारघाट, जनौरा हनुमानगढ़ी के पास चल रहे चौड़ीकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर, पीएम यूपीपीसीएल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



सीतापुर आंख अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे। अमृत विचार

# सीएमओ कार्यालय कर्मी को सड़क पर मिले 40 हजार, पुलिस को सौंपे

**अयोध्या, अमृत विचार।** सीएमओ कार्यालय में कार्यरत एक कर्मी ने बुधवार को मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिले 40 हजार रुपये पुलिस को सौंप दिए। कर्मी सुशील वर्मा ने बताया कि वह कार्यालय जा रहे थे। निर्मली कुंड के पास उन्हें एक पर्स मिला। उसमें 40 हजार रुपये थे। उन्होंने रुपये थाना कैंट पुलिस के हवाले कर दिये।

थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि उक्त रुपये विजय सिंह पुत्र रामसहाय निवासी गुप्तारघाट के थे। उन्हें बुलाया तो बताया कि घर से फतेहगंज सामान लेने जा रहे थे। जेब से मोबाइल निकालते समय पर्स गिर गया। तस्दीक होने के बाद रुपये उन्हें दे दिए गए। विजय ने सुशील वर्मा को धन्यवाद दिया। वहीं, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने कर्मी की प्रशंसा की।



थाना कैंट पुलिस को 40 हजार सौंपते सुशील वर्मा।

## सार-संक्षेप

### दो अस्पतालों ने लिख कर दिया, अब नहीं करेंगे संचालन

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की सख्ती देख दो निजी अस्पतालों ने सरेंडर कर दिया है। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि गौरव हॉस्पिटल निधान का पुरवा दर्शननगर और अवध आई सेन्टर सोहावल ने लिखित में दिया है कि वह अब हॉस्पिटल संचालित नहीं करेंगे। गौरतलब है कि लगातार चल रही सीज करने की कार्रवाई को देखते हुए उपरोक्त हॉस्पिटल ने लिखित में दिया है।

### दो साल से गैर हाजिर आरक्षी निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दो साल से गैर हाजिर चल रहे आरक्षी को बुधवार को निलंबित कर दिया है। थाना इनायतनगर में तैनात आरक्षी अमरपाल सिंह सात जून 2023 से गैर हाजिर चल रहा था। उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने पार्षदों के साथ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बुधवार को सर्किट हाउस में बैठक की। जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद ने बताया कि संचारी रोग विशेष कर डेंगू आदि से बचाव के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। अपने आसपास कहीं गंदगी एवं पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। लोगों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनना चाहिए। मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। अपने कूलर, फ्रिज में लगे बाउल, गमलों आदि को नियमित रूप से साफ करना चाहिए। नोडल अर्बन डॉ. वीपी त्रिपाठी ने डेंगू के इलाज व प्लेटलेट्स के बारे में जानकारी दी। जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टायफस, हीट वेव, रोगों के फैलने के कारण, बचाव व जांच पर विस्तार से जानकारी दी।

### मेले में 82 युवाओं को मिला रोजगार

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कॅरिअर सेन्टर द्वारा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर सहादतगंज में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में 82 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित ब्रिटिश कम्पनी मौरिस गैरेज (जेएसडब्लू एमजी) मोटर इण्डिया प्रा.लि. के एचआर ने 146 प्रतिभागी अभ्यर्थियों में से 82 का चयन किया गया। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोजगार मेले में प्रधानाचार्य एलपी सिंह, सेवायोजन व पॉलीटेक्निक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** थाना इनायतनगर पुलिस ने जिले में ई-रिक्शा बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिले के कई थाना क्षेत्रों में ई- रिक्शा बैटरी चोरी होने की खबरें मिल रही थीं। थाना इनायतनगर, थाना बीकापुर व थाना पूराकलंदर में बैटरी चोरी से संबंधित केस भी दर्ज किया गया था। थाना इनायतनगर के उप निरीक्षक देवव्रत लाल यदुवंशी व आलोक कुमार सिंह की टीम ने बुधवार सुबह आरोपी हरीलाल निवासी ग्राम उछापुर बेनी दीन का पुरवा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़, ललित कुमार गौतम निवासी ग्राम रायपुर टियाई थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ व राहुल सरोज निवासी ग्राम रायपुर तियाई थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को बारुन-शाहगंज रोड पर स्थित ग्राम डोभियारा के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की गई 18 बैटरी बरामद की गई। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

## अवध विश्वविद्यालय

### सत्र नियमन का दावा भी बेमानी, 21 जुलाई से दिए गए हैं सम्बद्ध महाविद्यालयों को कक्षाएं चलाने के निर्देश

# 15 दिन में कैसे भरेंगी सीटें, अभी 30 फीसदी भी नहीं प्रवेश

- प्रभारी कुलपति के आदेश की हो रही है अनदेखी, सात जिलों के 586 महाविद्यालयों में प्रवेश की रफ्तार धीमी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सात जिलों के 586 से अधिक महाविद्यालय प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के सत्र नियमन के आदेश को अनदेखा करने में जुटे हैं। सम्बद्ध महाविद्यालयों और अवध विश्वविद्यालय के आवासीय यूजी पीजी समेत 30 पाठ्यक्रमों में 25 जून बीतने के बाद भी 30 फीसदी भी दाखिले नहीं हुए हैं। सबसे बुरी हालत व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की है। जहां अभी 690 से अधिक सीटों में केवल 245 पर ही दाखिले हुए हैं। यह हाल तब है जब प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय द्वारा चार बार से अधिक तिथियों को बढ़ाया जा चुका है। इतना ही नहीं प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह द्वारा 15 दिन पहले ही 15 जुलाई तक हर हाल में प्रवेश और 21 जुलाई से कक्षाएं चलाने के निर्देश दिए थे।




> प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लगातार गंभीर होने के लिए कहा जा रहा है। एलएलबी, एमएड जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नियामक संस्था द्वारा जारी मानकों का अनुपालन करते हुए महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश हैं। **-प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रवेश प्रभारी, अवध विश्वविद्यालय।**

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने 16 जून को चौथी बार स्नातक और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाई थी। स्नातक के लिए 10 जुलाई एवं परास्नातक के लिए 15 जुलाई तक आवेदन तय किए गए। दावा किया गया छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश तिथि को बढ़ा दिया गया है, लेकिन सच्चाई यह थी कि प्रवेश हो ही नहीं रहे थे।

तब आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया था कि कुलपति ने छात्रों हित निर्णय लिया है। समर्थ पोर्टल पर आवेदन खोला गया लेकिन इसके बाद भी छात्रों ने यूजी पीजी के लिए रुख नहीं किया। अवध विश्वविद्यालय द्वारा संचालित जो 30 आवासीय पाठ्यक्रम में भी अभी तक केवल 200 सीटें ही भर पाईं हैं। जबकि सभी महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों की कुल 690 में से 245 ही भरी हैं, 445 सीटों पर प्रवेश के लिए अभी तक आवेदन ही नहीं आए हैं। यह हाल तब है जब हर कोर्स का आवेदन शुल्क और बाकी जरूरी जानकारी वेबसाइट पर दी गई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय में भी प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट समर्थ पोर्टल https://rmlauadm.samarth.edu.in भी 16 जून को जारी की गई थी। सूत्रों का कहना है कि इस बार गत वर्ष की अपेक्षा दाखिले कम आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण नई शिक्षा नीति के तहत नियमों में बदलाव और आवासीय तथा महाविद्यालय स्तर पर सुविधाओं का अभाव है। जबकि गत वर्ष जून में ही यूजी पीजी में 80 प्रतिशत और अन्य पाठ्यक्रमों में 60 फीसदी से अधिक दाखिले लो चुके थे और आवेदन तिथि भी मात्र केवल दो बार ही बढ़ाई गई थी। सूत्रों का कहना है कि कम आय वाले 20 से अधिक पाठ्यक्रमों को बंद न किया गया होता तो और भी बुरी स्थिति होती। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि अभी पूरे 15 दिन शेष हैं अधिकतर पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरे हो जायेंगे। तर्क दिया जा रहा है कि छात्र और अभिभावक अभी गर्मियों की छुट्टियों पर हैं।



# अंतरिक्ष की उड़ान





## राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।



नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7 .5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।

# शुभांशु ने छुआ आसमान

## मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'
सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल(सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स



शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

### माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

### कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।

फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।



सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार



ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

### 1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

### मिशन में होंगे 60 प्रयोग

इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रोद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढ़ेगी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिदूंओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।



स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

# लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

### छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।



-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

### शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ



सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

## शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी,उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

### शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।



शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### महापौर ने भी दी बधाई

**अमृत विचार लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



स्मृति द्वार का उद्घाटन करते प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह। अमृत विचार

### गांवों का विकास करना सरकार की प्राथमिकता

**पूराबाजार।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मड़ना में पूर्व प्रधान देवरानी यादव की स्मृति में पंचायत भवन के नवनिर्मित मुख्य द्वार एवं बाउंड्रीवाल का लोकार्पण बुधवार को मुख्य अतिथि प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने किया। कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता गांवों का विकास करना है। बाढ से बचाव और कटान रोकने के लिए भी व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, एडीओ पंचायत रवींद्र वर्मा, प्रधान ममता यादव, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह, दतौली के प्रधान प्रहलाद वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### विधायक ने लगाई चौपाल, सुनीं शिकायतें

**रानी बाजार, अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सिडहिर नरसिंहपुर में बुधवार को विधायक अमित सिंह चौहान ने चौपाल लगाई। शिकायतें सुनी। कहा कि शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। इस मौके पर सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, निज़ामुद्दीन,मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश शर्मा, महेश सिंह,राम सहाय प्रजापति, सतीश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## आपातकाल भारतीय इतिहास का काला अध्याय था: प्रो. विक्रमा



अभाविप की गोष्ठी में प्रतिभाग करते पूर्व महापौर ऋषिकेष उपाध्याय, महानगर संघ चालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पांडेय व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा साकेत निगम में बुधवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। आपातकाल के साक्षी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पांडेय, राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, महानगर अध्यक्ष डॉ. अंकित मिश्र, महानगर सहमंत्री जयश्री रावत ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो. पाण्डेय ने कहा कि आपातकाल भारत के इतिहास के लिए काला अध्याय था। इसमें देश में लोकतंत्र की हत्या कर विभिन्न नेतृत्वकर्ताओं को बंदी बनाकर दमनकारी नीति को प्रदर्शित किया गया था। राष्ट्रीय मंत्री शुक्ला ने कहा विद्यार्थी परिषद ने आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या व क्रूरता का बढ़-चढ़कर विरोध करते हुए कहा कि हम सत्ता परिवर्तन के नहीं व्यवस्था परिवर्तन के लिए काम करने वाले लोग हैं। संचालन आशुतोष राणा ने किया। महानगर अध्यक्ष डॉ. मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, थिंक इंडिया के राष्ट्रीय प्रमुख सुमित पांडेय, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, प्रो. आरके सिंह, डॉ. आलोक सिंह, पूर्व विभाग प्रमुख मनीष सिंह, राजीव पाठक, मृत्युंजय मिश्र साहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अब राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड संभालेगा उप्र में दूध और पशु आहार की व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ पशुपालन को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम, राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच एमओयू**

**अमृत विचार :** उप्र में अब दूध और पशु आहार की व्यवस्थाएं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की देखरेख में होंगी। कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अंबेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला का संचालन एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) को सौंपा गया है। किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बुधवार को डेयरी सेक्टर में क्रांतिकारी पहल करते हुए राज्य की 4 प्रमुख इकाइयों की कमान एनडीडीबी को सौंपी गई। इनमें राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन

> जिन तीन डेयरी प्लांट और एक पशु आहार निर्माणशाला के संचालन की जिम्मेदारी एनडीडीबी को सौंपी गई है, वे आने वाले वर्षों में प्रदेश के सबसे लाभकारी और मॉडल इकाइयों के रूप में स्थापित होंगी। **– मीनेश शाह, चेयरमैन एनडीडीबी**

डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) और अंबेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला का संचालन शामिल है। एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे, साथ ही दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी।

### देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है उप्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है।

### डेयरी प्लांट्स के पूर्व संचालन की बड़ी बाधाएं होंगी दूर

प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास विभाग ने बताया कि कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज के प्लांटों का निर्माण पूरा होने के बावजूद वाणिज्यिक बायर्स के अभाव तथा परिचालन लागत की चुनौतियों के कारण पूर्व में संचालन में बड़ी बाधाएं उत्पन्न हुई थीं। अब इनका संचालन एनडीडीबी के माध्यम से किए जाने से यह इकाइयां पुन: पूरी क्षमता से कार्य करने लगेंगी।

## वाहनों से डीजल चोरी करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

अयोध्या, कार्यालय

**▸▸ बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के परोमा इलाके से ट्रक से कर रहे थे चोरी, चालक पर की थी फायरिंग**

**अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर पुलिस ने हाईवे पर टैकर से डीजल व पेट्रोल चोरी करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने मंगलवार को परोमा गांव के पास एक टैंकर से तेल चोरी करने व विरोध करने पर ड्राइवर के सिर पर तमंचे के बट से वार कर घायल कर दिया था। साथ ही फायरिंग भी की, इस दौरान एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया था, जबकि तीन कार से भाग गए थे।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को पुलिस लाइंस के सभागार में बताया कि बीकापुर कोतवाली के परोमा निवासी ट्रक चालक सोमवार शाम गिट्टी लोड करने के लिए प्रयागराज जा रहा था। रात में वह अपने घर रुक गया। वह मंगलवार भोर में ट्रक के पास पहुंचा तो देखा कि चार लोग उसके ट्रक से डीजल निकाल रहे हैं। उसने विरोध किया तो सभी ने उस पर हमला कर दिया व तमंचे से फायर कर दिया। इस दौरान शोर मचने पर स्थानीय लोगों ने एक आरोपी मंजीत पासी निवासी ग्राम गोसाई मठिया थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को पकड़ लिया, जबकि तीन भागने में कामयाब हो गए। बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए कोतवाली लालचंद सरोज के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने एक सूचना के आधार पर मंगलवार-बुधवार रात करीब 1.10 बजे मंगारी पुल के नीचे एक खंडहर से आरोपी धर्मेंद्र लोधी निवासी ग्राम डिंगुर सोनारन का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी, राहुल पासी निवासी शमसेरिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी व राजन यादव निवासी हीरा पाण्डेय का पूरा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी किया गया 85 लीटर डीजल, एक कार व एक तमंचा-कारतूस बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर हाईवे पर खड़े ट्रकों व टैंकरों से तेल चोरी करते थे। सभी का लंबा आपराधिक इतिहास है। तीनों के खिलाफ अमेठी व अयोध्या जनपद में गंभीर धाराओं में छह से ज्यादा केस दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# श्रवण क्षेत्र धाम में अधूरे विकास कार्यों को जल्द करें पूर्ण

## 15 दिवस के अंदर श्रवण धाम में सरकारी भूमि की पैमाइश कर तार फैनशिंग करने के लिए खंड विकास अधिकारी को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** डीएम अनुपम शुक्ला ने डीएम कार्यालय कक्ष में सीएम के मंशानुसार श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक, धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए श्रवण धाम को एक आधुनिक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के श्रवण धाम भ्रमण दौरान वहां के विकास के संबंध में मुख्यमंत्री से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन कराए जाने के संबंध में बिंदुवार चर्चा किया। उन्होंने श्रवण धाम में स्थापित भगवान हनुमान की प्रतिमा के परिसर में अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा श्रवण धाम में संचालित पर्यटन विभाग के समस्त कार्यों को 31 जुलाई तक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तमसा नदी के तट पर स्थित श्रवण धाम को उसकी पौराणिकता और ऐतिहासिकता को संजोते हुए एक आधुनिक धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत तमसा नदी का जीर्णोद्धार कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने जनपद की सीमा क्षेत्र में तमसा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य करने की कार्य योजना बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने 15 दिवस के अंदर श्रवण धाम में सरकारी भूमि की पैमाइश कर उसका तार फैनशिंग करने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को वन विभाग से समन्वय कर श्रवण धाम परिसर में रोपित समस्त पौधों पर ट्री गार्ड लगाने, लोक निर्माण विभाग को श्रवण धाम प्रवेश द्वार से श्रवण धाम परिसर में आने वाले मार्ग को और बेहतर बनाने के लिए शीर्ष प्राथमिकता पर कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को श्रवण धाम परिसर में दो हाईमास्ट शीघ्र लगाने के निर्देश दिए। श्रवण धाम परिसर में लगाएं नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे : जिलाधिकारी ने श्रवण धाम परिसर के संपूर्ण विकास के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर योजना बनाने तथा संपूर्ण कार्यों, कार्यक्रमों आदि की देखरेख और संचालन के लिए नियमानुसार श्रवण धाम सोसाइटी के गठन के कार्य में तेजी लाने और कृत कार्रवाई से आगामी 15 दिनों में अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रवण धाम के पास स्थित शमशान घाट के सामने मियाबाकी वन को विकसित किए जाने, श्रवण धाम में तमसा नदी पर स्थित कलवट ब्रिज को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को संपूर्ण परिसर में जगह-जगह सुरक्षा के दृष्टि को नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे आगामी 15 दिनों में इंस्टॉल कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बैठक करते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, एएसपी, एसडीएम अकबरपुर, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, अधिशासी अधिकारी पीडब्लूडी सौरभ सिंह, एआरटीओ सतेंद्र कुमार, डीसी मनरेगा, अपर जिला सूचना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों मौजूद रहे।

# किसानों के लिए खुलेंगे आठ वन स्टॉप शॉप

- एग्रीजंक्शन योजना के तहत केंद्रों पर किसानों को मिलेगा बीज उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट, वर्मी कंपोस्ट और कीटनाशक दवाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद में किसानों को कृषि संबंधी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एग्रीजंक्शन योजना के तहत आठ वन स्टॉप शॉप खोले जाएंगे। कृषि विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह लक्ष्य दिया गया है। इन केंद्रों पर किसानों को बीज, उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट, वर्मी कंपोस्ट और कीटनाशक जैसी कृषि सामग्री मिलेगी। साथ ही लघु कृषि यंत्र किराए पर लेने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। किसान यहां से तकनीकी सहायता और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्राप्त कर सकेंगे। सरकार इस योजना के लिए बैंक से ऋण दिलवाने में मदद करेगी। ऋण पर 7.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर अनुदान का प्रावधान है। पहले वर्ष के लिए किराए की 50 प्रतिशत राशि भी सरकार द्वारा दी जाएगी। उपकृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि इन केंद्रों के लिए आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। यह योजना न केवल किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियां अपनाने में मदद करेगी, बल्कि कृषि स्नातक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। इससे कृषि क्षेत्र में नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था आपातकाल का निर्णय : बृजलाल

## इंदिरा ने संविधान की आत्मा को रौंदते हुए लोकतंत्र को तानाशाही में दिया था बदल



गोष्ठी बोलते मुख्य अतिथि बृजलाल साथ में मौजूद पूर्व सांसद रितेश पांडेय।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** कांग्रेस सरकार की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 की आधी रात में आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोपे जाने पर भाजपा उस दिन को काला दिवस के रूप में मनाती है। जिसके तहत बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आपात काल की विभीषिका पर लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन, 9 लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान और लोहिया भवन के सभागार में मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी राज्य सभा सदस्य बृजलाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी को संबोधित किया।

भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी राज्य सभा सदस्य बृजलाल ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक अंशुमान सिंह और भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व डीजीपी बृजलाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की दमनकारी नीतियों ने 25 जून 1975 को देश में आधी रात को आंतरिक अशांति का बहाना बना कर भारत के लोगों पर आपातकाल थोप कर विपक्षी दलों के नेताओं को जेलों में ठूंस कर अमानवीय व्यवहार किया था। आपातकाल का निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल की अध्याय में न केवल लोक तांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचला गया था। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने अपने संबोधन में कहा कि आपातकाल एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, जिसे न्यायपालिका से मिली चुनौती से बौखला कर थोपा गया था। इंदिरा गांधी ने संविधान की आत्मा को कुचलते हुए लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया था। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बना कर सत्ता के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

### भाजपा कार्यकर्ता के सम्मान से नहीं होगा समझौता

अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि जब-जब कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया गया है, उसने न जनादेश का सम्मान किया है, न विपक्ष की गरिमा बनाए रखी है। कांग्रेस पार्टी जिन संस्थाओं को लोकतंत्र का रक्षक कहती है, उन्हीं संस्थाओं को अपने शासन में रबर स्टैम्प बना देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के मान सम्मान से कभी भी समझौता नहीं किया जाएगा। संचालन जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव ने किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से विधायक धर्मराज निषाद, अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री नेहा खान, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, रमा शंकर सिंह, त्रिवेणी राम, अनीता कमल, विद्यावती राजभर, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, केके मिश्र, डॉ. राना रणधीर सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, संजय सिंह, विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा, दिनेश पाण्डेय, राम किशोर राजभर, विजय विश्वकर्मा, अशोक उपाध्याय, अमरनाथ सिंह, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, सतपाल पटेल, लोकतंत्र सेनानी मग्गू राम, रमा शंकर गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



संगोष्ठी को संबोधित करते श्याम सुंदर वर्मा साथ में धर्मराज निषाद व जिलाधिकारी।

### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय : श्याम सुंदर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** आपातकाल की 50वीं बरसी आपातकाल दिवस पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों को जिपंअ श्याम सुंदर वर्मा, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, डीएम अनुपम शुक्ला, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला ने माला तथा साल पहनाकर सम्मानित किया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आपातकाल की त्रासदी पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत और फिल्म में लोकतंत्र और देशभक्ति की थीम से जुड़े गीत लगातार बजाए गए। इस इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर स्थापित कैनवास पर सामूहिक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिस पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर आपातकाल से जुड़े लोकतंत्र सेनानियों द्वारा आपातकाल की त्रासदी से संबंधित अपने-अपने अनुभवों को साझा किया गया।

# बैठक: बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करें वेंडर

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में मुख्य विकास आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में जिलाधिकारी कार्यालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी वेंडरों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं द्वारा किए गए आवेदनों पर वेंडर उपभोक्ता से बात करें और उसकी समस्याओं का निस्तारण करें। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि बैंकों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित आवेदन लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वेंडरों से संबंधित विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं का निदान तत्काल कराएं। जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि जिन वेंडरों द्वारा किसी प्रकार की गतिविधि नहीं की जा रही है, कोई आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं, किसी उपभोक्ता से बात नहीं किया जा रहा है, ऐसे वेंडरों का चिन्हित कर उनका पंजीकरण निरस्त करें। जनपद वासियों से अपील किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक बेहतरीन योजना है, इसका लाभ कोई व्यक्ति ले सकता है।

## सार-संक्षेप

### साइकिल और बाइक स्टैंड की नीलामी आज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील में आगामी 26 जून को साइकिल और बाइक स्टैंड की नीलामी होगी। नायब तहसीलदार देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बोलीदाता को पहले दस हजार रुपए की जमानत राशि जमा करनी होगी। सर्वाधिक बोली लगाने वाले अभ्यर्थी के पक्ष में नीलामी की कार्रवाई पूरी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा बोली गई संपूर्ण धनराशि उसी दिन नकद जमा करना होगा। संबंधित धनराशि जमा न कर पाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।

### जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन आज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर 26 जून को आशीर्वाद फाउंडेशन एक जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन करेगा। यह संगोष्ठी आशीर्वाद मेडिकल सेंटर टांडा रोड पटेल नगर अकबरपुर के प्रांगण में सुबह 10 :30 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। यह जानकारी आशीर्वाद फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं संरक्षक डॉ. जेके वर्मा ने दी है।

### दस दिन बाद लखनऊ से मिला लापता बच्चा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जनपद में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले से अचानक गायब हुए 11 वर्षीय अंश गुप्ता को पुलिस ने 10 दिन की मेहनत के बाद लखनऊ से सकुशल बरामद कर लिया है। अंश की गुमशुदगी के बाद से ही पूरे क्षेत्र में तनाव और चिंता का माहौल बना हुआ था। परिजन लगातार पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। कोतवाल श्रीनिवास पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी निगरानी, लोकल इंटेलिजेंस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तेजी से जांच को आगे बढ़ाया। अंबेडकरनगर और अयोध्या के कई प्रमुख चौराहों और बाजारों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें अंश की कुछ झलकियां सामने आईं। इन सुरागों के आधार पर टीम ने लखनऊ के एक इलाके में पहुंचकर अंश को सकुशल बरामद किया।

### जलालपुर में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया तेज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में सडक़ों के किनारे अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अतिक्रमण को हटाने की दिशा में चिन्हांकन किया गया। तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव क नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र के जलालपुर बसखारी मार्ग, जलालपुर अकबरपुर मार्ग, जलालपुर मालीपुर मार्ग सहित जलालपुर मित्तूपुर और जलालपुर सुरहुरपुर मार्ग पर सडक़ के मध्य गोले से विभाग द्वारा निर्धारित मानक का चिन्हांकन किया गया। इस चिन्हांकन में लगभग मकान सडक़ सीमा के अंदर पाई गई। लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग की टीम द्वारा किए गए इस कार्य से जहां नगर पालिका क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। रजिस्ट्री मोड़ से लेकर तहसील गेट तक भी निशान देही का कार्य किया गया। इसके दायरे में तहसील और ब्लॉक के कुछ अंश के साथ-साथ अगल-बगल बनी हुई दुकानों के ऊपर भी अतिक्रमण का खतरा मडराने लगा है।

### आपातकाल लगा इंदिरा ने की थी लोकतंत्र की हत्या

**आजमगढ़, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में बुधवार को नेहरू हाल में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 50 वां वर्ष पूर्ण पर संगोष्ठी व प्रदर्शनी का आयोजन किया। लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए अपनी कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगाया। आपातकाल का मुख्य कारण इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले था। आपातकाल के दौरान देशभर में चुनाव स्थगित हो गए थे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोगों के पास न तो अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार था न ही जीवन का अधिकार। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जयप्रकाश नारायण जैसे बड़े नेताओं को जेल भेज दिया गया। इस मौके पर ध्रुव सिंह श्रीकृष्ण पाल, विवेक निषाद, चन्द्र विनोद सिंह, भृगुनाथ, नागेन्द्र राय, रामनयन सिंह रामपुर साधु हरिश्चंद्र राम रविंद्र नाथ राम ओम प्रकाश बंशीधर पांडे जयसवाल सुभाष चंद्र गुप्ता बाल मुकुंद पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

### सऊदी अरब में सड़क हादसे में युवक की मौत

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम भौंरा निवासी सैयद अली कैसर 35 वर्ष की सऊदी अरब में सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मृतक के पार्थिव शरीर को दुर्घटना के 16 दिन बाद बुधवार को उनके गांव लाया गया। सैयद अली कैसर सैय्यद मोहम्मद अब्बास के पुत्र थे। तीन महीने पहले उनकी शादी हुई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए वह सऊदी अरब गए थे। पार्थिव शरीर के घर पहुंचने पर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### गोसेवा दिवस पर 1290 गोवंशों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जनपद के समस्त गोशालाओं पर बुधवार को गो संवर्धन और गोसेवा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने विकास खंड अकबरपुर के सिसवा गोशाला में पशु चिकित्साधिकारी रामपुर सकरवारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सिसवा और ग्रामीणों के साथ गो माता को गुड, केला और हराचारा खिलाया। इस अवसर पर गोशालाओं के लिए नामित जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों और समस्त पशु चिकित्साधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारियों द्वारा अपने से सम्बन्धित गोशालाओं में प्रतिभाग किया गया। समस्त पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा 1290 गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और बीमार गोवंशों का इलाज किया गया।

### ट्रक पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जौनपुर से करकट लादकर बलरामपुर जा रहा ट्रक पलट गया। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात जौनपुर जनपद के चंदवक गांव निवासी पंकज मिश्रा जौनपुर से ट्रक पर करकट लाद कर बलरामपुर ले जा रही थी। तभी मालीपुर थाना क्षेत्र के खजूरी बाजार के निकट अचानक ट्रक पलट गई। जिसमें चालक पंकज मिश्रा को चोटे आई हैं।

### पांच बिजली बकाएदारों का कटा कनेक्शन

**संवाददाता, आजमगढ़, अमृत विचार।** बुधवार को मार्टिनगंज कस्बे में विद्युत विभाग के द्वारा गोठांव स्थित उपकेंद्र के अभियंता नन्हेंलाल के नेतृत्व में मेगा कैंप लगाकर 47 हजार का विद्युत बिल की वसूली की गई। विद्युत विभाग ने सोमवार को भी इसी तरह बकाए बिल में लगभग 39 हजार राजस्व वसूली की गई थी। इसी दौरान पांच बड़े बकायेदारों कनेक्शन भी काटे गए। जो अपनी विद्युत बिल में जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, विद्युत विभाग उनका कनेक्शन काटने के संबंध में सख्त संदेश दिया। कहा गया कि आगे भी बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इस मौके पर लाइनमैन ग्रिजरेंद्र नाथ पांडेय उर्फ सिंपू, समीउल्लाह अंसारी, अविनाश पांडे, अमरसेन सिंह, टिंकू आदि मौजूद रहे।

# सीबीआई व एंटी करप्शन अधिकारी बन ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार।** साइबर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। साइबर थाना की पुलिस ने सीबीआई और एंटी करप्शन अधिकारी बनकर रिटायर्ड पुलिस निरीक्षक से 35 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर साइबर अपराधियों को गुजरात के भावनगर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन सभागार में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि 23 फरवरी 2025 को एक रिटायर्ड पुलिस निरीक्षक ने साइबर थाने में तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर उन्हें डरा-धमकाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया और कई बार में कुल 35 लाख रुपये उनके खाते से ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। एसएसपी हेमराज मीन के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक विभा पांडेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद यादव की अगुवाई में एक टीम गठित कर गुजरात भेजा गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को भावनगर, गुजरात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सरवैया कौशिक, निवासी मफतनगर, भावनगर, गुजरात और भगीरथ सिंह जाला निवासी पटेलनगर, चित्रा, भावनगर, गुजरात शामिल हैं।

# सरकारी जमीन पर बने 21 मदरसों पर होगी कार्रवाई

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जिले में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मदरसों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। कुल 314 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। इसके अलावा 45 मदरसे बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। जांच में 25 मदरसे सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से बने मिले। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने इन्हें नोटिस जारी किया है। 24 मदरसा संचालकों ने जवाब नहीं दिया। एक संचालक ने कोर्ट में याचिका दायर कर मदरसा निजी जमीन पर होने का साक्ष्य दिया। जलालपुर एसडीएम की टीम ने बसिया, धौरुआ और अवधना इस्माइलपुर में बने तीन मदरसों को ध्वस्त किया। अब शेष 21 मदरसों पर कार्रवाई होगी। आलापुर तहसील में 11, अकबरपुर में 4, टांडा में 4, जलालपुर में 4 और भीटी में एक मदरसा अवैध रूप से बना है। दो मदरसे नहर विभाग की भूमि पर हैं। अन्य मदरसे ऊसर, बंजर, नवीन परती, सरकारी पाठशाला, आबादी, कब्रिस्तान, जंगल, घूर गड्ढा, तालाब और ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों की भूमि पर बने हैं।




शिविर के बारे में जानकारी लेते एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा साथ में अन्य।

## एनटीपीसी टांडा में आयोजित कैंप में 73 लोगों ने किया रक्तदान

**टांडा, अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में बुधवार को आह्वान पहल अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर एनटीपीसी के कर्मचारियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि जयदेव परिदा कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी टांडा और गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा ने किया। इस मौके पर अजय सिंह यादव महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा रक्तदान न केवल एक मानवीय कर्तव्य है बल्कि यह समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। शिविर आरोग्यम चिकित्सालय एनटीपीसी टांडा में सुबह 10 :30 बजे प्रारंभ हुआ। रक्त संग्रहण कार्य महमाया मेडिकल कॉलेज एवं सीआईएसएफ टांडा इकाई के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्देश्य न केवल रक्त संग्रह करना था, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी फैलाना रहा। शिविर में 73 लोगों ने रक्तदान किया।

**अनदेखी** एक दशक पूर्व सांसद निधि से बना था, जर्जर बारात घर के चलते ग्रामीणों में है आक्रोश

# लाखों की लागत से बना बारात घर बदहाल

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** लगभग एक दशक पूर्व सांसद निधि से बना बारात घर देखदेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। जिसको लेकर तमाम सवाल पैदा हो रहे हैं। यह मामला जलालपुर ब्लॉक क्षेत्र के उसरहा गांव का है। जिसे एक दशक पूर्व सांसद हरिओम पांडे द्वारा इस गांव को गोद लिया गया था।

सरकार के मंशानुरूप गांव के विकास के लिए लाखों रुपए की लागत से सांसद हरिओम पांडे ने इस गांव में एक बारात घर का निर्माण कराया था। जिसका निर्माण कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया गया, लेकिन देख-रेख के अभाव में यह बारात घर दिनों-दिन जर्जर हालत में होता जा रहा है। जिसके उद्धार के लिए किसी भी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बिना रखरखाव के इस बारात घर की फर्श आदि टूट गए हैं और चारों तरफ कचरा बिखरा हुआ है। साफ -सफाई नहीं होने के कारण कोई कार्यक्रम भी नहीं हो पता है। ग्रामीण परमानंद यादव, उमेश कुमार, दिलीप कुमार आदि ने बताया कि यह भवन बिना देखरेख के दिनों दिन बद से बत्तर हालात में होता जा रहा है। जिस पर किसी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



जलालपुर ब्लॉक क्षेत्र के उसरहा गांव में बना बारात घर। अमृत विचार

### एडियो पंचायत बोले

इस संबंध में जब एडियो पंचायत बृजेश तिवारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सबसे पहले यह देखना होगा कि जिस विभाग ने कार्य करवाया है उसने ग्राम पंचायत को हैंडोवर किया है की नहीं। फिलहाल यहां सफाई की व्यवस्था जल्द ही करा दी जाएगी।

# आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को समय से करें निस्तारित : डीएम

**आजमगढ़, अमृत विचार।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर नलकूप खण्ड की समीक्षा में 07 शिकायतों में से 06 शिकायतकर्ताओं द्वारा असंतोष जनक फीडबैक मिलने पर अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड और नोडल अधिकारी अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम का वेतन रोकने के निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत, ब्लाकों में शिकायतों से संबंधित अधिक संख्या में असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं, उन ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं ब्लाकों में अधिकारी स्वयं जाकर शिकायत कर्ताओं से बात करें एवं उन्हें संतुष्ट करते हुए उनके शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल के संचालन में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, यदि उन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिलायें।

**पुरुषोत्तम सिंह महाविद्यालय, सिंघनी, सुल्तानपुर**

में सेल्फ फाइनेन्स के अन्तर्गत निम्न पदों पर आवश्यकता है स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. पाठ्यक्रम में–राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, एवं गृह विज्ञान प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01–01 पद,

**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्वहस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**
मो.–9450046134, 9005469650, 9794771259, 7233948528

# आपातकाल में घोंटा गया था लोकतंत्र का गला : राकेश सचान

## कैबिनेट मंत्री बोले भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचा रही

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का गला घोंटने वाला कृत्य था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार ने अपनी सत्ता बचाने के लिए जनता और विपक्षी दलों के नेताओं पर अत्याचार किए और हजारों लोगों को जेल में डाला।

कैबिनेट मंत्री सचान ने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचा रही है और 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी और अवैध मदरसों की जांच कराने की बात कही।


कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का स्वागत करते सदर विधायक पल्टूराम। अमृत विचार

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी और अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने आपातकाल से संबंधित प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### आजाद भारत के इतिहास का काला अध्याय था आपातकालः सीएमओ

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि आपातकाल भारत की आजादी के बाद के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है, जिसमें मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को खामोश कर दिया गया। डॉ रस्तोगी ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों और संस्थाओं की अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता की अपील की। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ अनिल कुमार चौधरी और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सत्ता में आएगी तो फिर लगेगा आपातकाल : दारा सिंह


लोकतंत्र सेनानियों के साथ जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** कांग्रेस यदि सत्ता में आएगी तो देश में एक बार फिर आपातकाल जैसी स्थिति बनेगी और देश में आपातकाल लगेगा। उक्त बातें जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने कही। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की ओर से बुधवार को काला दिवस मनाया गया। इटावा में कथावाचक के साथ हुई मारपीट की घटना पर मंत्री ने कहा कि सरकार जाति धर्म या मजहब के हिसाब से नहीं चलती। अपराध करने वाले किसी भी जाति धर्म के हों, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने आपातकाल को लेकर टाउन हॉल में गोष्ठी व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। भाजपाइयों को आपातकाल के दौरान विभिन्न प्रकार की घटनाओं के चित्र को दिखाया गया। लोकतंत्र सेनानी जनार्दन तिवारी व हरिश्याम पांडेय सहित अन्य लोगों को फूल मालाओं व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गांधी पार्क में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री विनोद कुमार, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, महामंत्री जसवंत लाल सोनकर, राकेश तिवारी, महेश नारायण तिवारी, केके श्रीवास्तव, आशीष त्रिपाठी, संदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक परसपुर व इटियाथोक लाइन हाजिर

**कार्रवाई**

▶▶ ड्यूटी में लापरवाही पर एसपी ने उठाया सख्त कदम

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने और संदिग्ध आचरण के आरोप में दो थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया है। ये कार्रवाई थाना परसपुर के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ और थाना इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय के विरुद्ध की गई है। एसपी को प्राप्त शिकायतों और घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए दोनों पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन में अटैच कर दिया गया है और प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं। परसपुर थाना क्षेत्र में पंजीकृत एक हत्या के मामले में प्रभारी निरीक्षक द्वारा विवेचना में ढिलाई बरतने और कथित रूप से रिश्वत मांगने की शिकायत सामने आई थी। इस पर एसपी ने हेमंत कुमार गौड़ को पुलिस लाइन भेजते हुए मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी को सौंपी है।

वहीं, थाना इटियाथोक क्षेत्र के मुंडेरवा माफी गांव में बीते 10/11 जून की रात ट्रैक्टर और कार की टक्कर के बाद कार सवारों द्वारा फायरिंग की घटना में थाना स्तर से न तो कोई विधिक कार्रवाई की गई और न ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच का जिम्मा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को सौंपा गया है। एसपी विनीत जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ और कर्तव्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### शरदेंदु पांडे को मिली परसपुर की कमान

एसपी ने परसपुर थाने की जिम्मेदारी न्यायालय सुरक्षा प्रभारी शरदेंदु कुमार पांडे को दी है तथा इटियाथोक में कृष्ण गोपाल राय को पुलिस लाइन से भेजा गया है। इसके साथ पीकॉक वाली देहात में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक गजेंद्र पांडे को धानेपुर, दुर्ग विजय सिंह को बालपुर करनैलगंज से कौड़िया बाजार, उत्कर्ष पांडे को ढेमवा बाजार नवाबगंज से बालपुर करनैलगंज, सुनील कुमार सिंह को दुबहा बाजार कौड़िया से थाना तरबगंज, अजय कुमार सिंह को पुलिस लाइन से दुबहा बाजार कौड़िया, आलोक कुमार राय तिवारी बाजार नगर कोतवाली से डुमरियाडीह वजीरगंज, बृजेश कुमार चौबे को डुमरियाडीह वजीरगंज से ढेमवा घाट नवाबगंज तथा अखिलेश कुमार रही को कोतवाली नगर के चौकी तिवारी बाजार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नवजात की मौत के मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** सीएचसी महदेइया बाजार में विगत दिनों प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु के मौत के मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष डॉ. मनीष श्रीवास्तव व डॉ. करिशमा सोनी, फार्मेसिस्ट राम बहादुर सदस्य बनाए गए हैं। समिति प्रसव प्रक्रिया, उसके उपचार व्यवस्था व आरोपी की जांच करेगी।

विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम बंनगवा निवासी अहसान अली की पत्नी को 9 जून की रात में प्रसव पीड़ा होने पर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया बाजार में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि प्रसव पर तैनात स्टाफ नर्स ने अस्पताल की दवाओं की जगह बाहर से इंजेक्शन व 1200 रुपये की दवाएं मंगाई थी। स्टाफ नर्स के द्वारा इंजेक्शन दिए जाने पर गर्भवती की हालत बिगड गई और नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा करते हुए इसके लिए स्टाफ नर्स को जिम्मेदार बताया। जांच समिति के अध्यक्ष डा मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि जांच समिति यह तय करेगी कि दोषी पर किस तरह की कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बाबू रघुवीर शरण सेन स्मारक धर्मार्थ ट्रस्ट ने सौंपा मांग पत्र


अपर आयुक्त को ज्ञापन देते ट्रस्ट के पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** पाण्डव वंशीय बाबू रघुवीर शरण सेन स्मारक धर्मार्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा पांडव भीमसेन के महाबली पुत्र घटोत्कच के वंशजों के जातीय कालम में क्षत्रिय अंकित कराने का निर्देश देने की मांग के संबंध में एक ज्ञापन देवीपाटन मंडल आयुक्त को दिया, जिसकी अगुवाई ट्रस्ट अध्यक्ष शेर सिंह ने किया। मांग किया गया है कि मण्डल के सभी जिलों में घटोत्कच के वंशज लाखों की संख्या में निवास कर रहे हैं जिनमें से कुछ लोगों के लिखित अभिलेख में क्षत्रिय दर्ज है जबकि ज्यादातर लोगों के जातीय कॉलम में घरुक दर्ज है। घरुक सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई जाति नहीं है, बल्कि यह घटोत्कच के नाम का अपभ्रंश है। जातीय कालम में घरुक अंकित होने के कारण क्षत्रिय समाज सामाजिक रूप से काफी आहत है। इसको लेकर संयुक्त प्रान्त के डिप्टी सेक्रेटरी सी डब्ल्यू लांगमैन ने जनपद गोण्डा के कमिश्नर को आदेश जारी करके सभी सरकारी अभिलेखों मे क्षत्रिय दर्ज करने का दिशा निर्देश दिया था, परन्तु निर्देश पूरी तरह से अधिकारियों द्वारा मण्डल में लागू नहीं किया गया।

# विद्यालय युग्मन का हर स्तर पर होगा विरोध


कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह। अमृत विचार

**धानेपुर, अमृत विचार :** स्कूलों के युग्मन/ पेयरिंग के आदेश के खिलाफ शिक्षक लामबंद होने लगे हैं। बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र मुजेहना के परिसर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नवगठित कार्यकारिणी के स्वागत समारोह में शिक्षकों ने विद्यालय के युग्मन के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया और कहा कि इस फैसले का हर स्तर पर विरोध किया जायेगा।

बीआरसी सभागार मुजेहना में बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने संघ के नए जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह, मंत्री आशीष कुमार द्विवेदी व कोषाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह का माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए शब्बीर अली ने जबरन थोपे जा रहे विद्यालय युग्मन करने की नीति के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए इसके व्यापक तौर पर विरोध का आह्वान किया। व्यायाम शिक्षक संजय कुमार ने कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा रखी।

# राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय क्लब से जुड़ा मां पाटेश्वरी विवि

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को भारत सरकार की राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एनडीएलआई) क्लब की सदस्यता प्राप्त हुई है। इस पहल से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अब 24 घंटे अध्ययन सामग्री की डिजिटल सुविधा उपलब्ध होगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव परमानंद सिंह ने बताया कि एनडीएलआई क्लब भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका संचालन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर द्वारा किया जा रहा है। एनडीएलआई एक समृद्ध डिजिटल मंच है जहां पर करोड़ों पुस्तकें, शोधपत्र, पत्रिकाएं, ऑडियो बुक्स, वीडियो लेक्चर और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सामग्री उपलब्ध है। इस मंच की खास बात यह है कि यहां सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री प्राप्त की जा सकती है। एनडीएलआई के माध्यम से छात्र अब जेईई, नीट, यूपीएससी समेत अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की भी बेहतर तैयारी कर सकेंगे। यह सुविधा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक बड़ा शैक्षणिक संसाधन सिद्ध होगी।

**पड़ताल** सीएचसी और कस्तूरबा विद्यालय में निरीक्षण को पहुंचीं रितु शाही व एकता सिंह

# अव्यवस्थाएं देख भड़कीं महिला आयोग सदस्य

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही और एकता सिंह ने बुधवार को करनैलगंज क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था और गंदगी देख दोनों सदस्य नाराज हो गईं। अस्पताल परिसर में खुले में डस्टबिन, खराब विद्युत व्यवस्था और जगह-जगह फैली गंदगी पर दोनों ने अस्पताल प्रशासन को फटकार लगाई।


सीएचसी का निरीक्षण करतीं महिला आयोग्य की सदस्य रितु शाही व एकता सिंह।

महिला आयोग की टीम ने इमरजेंसी कक्ष, डिलीवरी रूम, दंत विभाग, नेत्र कक्ष, आयुष विभाग, लैब और दवा वितरण कक्ष का मुआयना किया। वहां मौजूद मरीजों और तीमारदारों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं को लेकर सीधा फीडबैक लिया गया। वहीं फ्रीजर के पास फैली गंदगी, बंद पंखे और वार्डों में तीमारदारों की अधिक भीड़ जैसी समस्याओं को देख सदस्य रितु शाही ने गहरी नाराजगी जताई। अधीक्षक डॉ. अनुज से सफाई कर्मचारियों की संख्या और कार्यप्रणाली की जानकारी ली गई। स्टाफ स्वीपर की भारी कमी की बात भी सामने आई। महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था तत्काल सुधारी जाए और विद्युत आपूर्ति दुरुस्त की जाए।

### महिलाओं में योजनाओं की जानकारी का अभाव

रितु शाही ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं है, जो चिंता का विषय है। आयोग की टीम गांव, स्कूल, आंगनबाड़ी, पीएचसी, सीएचसी और कस्तूरबा विद्यालयों में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है।

## सार-संक्षेप

### घर में घुसी टैक्सी, एक ही परिवार के पांच घायल

**जरवा, बलरामपुर।** स्थानिक कोतवाली क्षेत्र के पहलवानपुर चौराहे के निकट बुधवार रात लगभग 2 बजे एक तेज रफ्तार टैक्सी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक फूस के मकान से टकरा गई। टैक्सी चालक बलवंत ने बताया कि वह राजस्थान से 5 सवारियों को लेकर लम्ही नेपाल जा रहे थे, तभी अचानक सड़क पर छुट्टा जानवर आ जाने से उनका वाहन संतुलन खो बैठा और गाड़ी सीधे मकान में जा घुसी। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पुतू (50 वर्ष), उनके पुत्र जितेंद्र (15 वर्ष), पुतू की पत्नी मीनू (45 वर्ष), फिरई (50 वर्ष) और सुनील की 22 वर्षीय पत्नी शामिल हैं। घायलों को तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बलरामपुर संयुक्त अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सी.बी. पासवान ने बताया कि दुर्घटना की तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### देवीपाटन शक्तिपीठ में हुआ यशराज गोयल का सम्मान


यशराज गोयल को सम्मानित करते देवीपाटन शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर।

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर के पूर्व छात्र यशराज गोयल ने नीट परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 699 हासिल कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। यशराज ने बिना कोचिंग के यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल से 2022 में 92% से कक्षा 12 उत्तीर्ण की थी। देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर और आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक महंत मिथलेश नाथ योगी ने यशराज गोयल को सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह और एम एल के (पी जी) कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन भी मौजूद थे।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम के तैनाती की उठाई मांग

**तरौला, बलरामपुर।** उतरौला तहसील के उपजिलाधिकारी उतरौला राजेन्द्र बहादुर का स्थानांतरण उपजिलाधिकारी इटावा पर होने के बाद शासन ने किसी उपजिलाधिकारी उतरौला के पद पर किसी की तैनाती नहीं की है। उपजिलाधिकारी उतरौला के पद रिक्त होने से उनके न्यायालय पर वाद का निस्तारण नहीं हो पा रहा है वहीं मोहर्रम के अगले माह होने से शांति व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा है। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने शासन को भेजे पत्र में उपजिलाधिकारी उतरौला के पद पर तत्काल तैनाती की मांग की है।

### देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** अनिल गौतम नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और अश्लील फोटो पोस्ट किए। इस घटना से पूरे गांव के हिंदू जनमानस में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत भाथर के 28 ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से लिखित प्रार्थना पत्र थाना पचपेड़वा में देकर अनिल गौतम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि अनिल गौतम आए दिन देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी और अश्लील चित्र फेसबुक पर शेयर करता है। ताजा घटना 22 जून 2025 की है, जब अनिल गौतम ने देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी व अश्लील चित्र भेजा। पुलिस ने अनिल गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अनिल गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### विद्यालय समायोजन से ग्रामीणों मे नाराजगी

**बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र श्रीदत्तगंज अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय मनियरिया द्वितीय को मनियरिया प्रथम में समायोजित किए जाने के आदेश से मनियरिया मुस्तहकम गांव के ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने इस फैसले का विरोध करते हुए विद्यालय को पुराने स्थान पर ही बनाए रखने की मांग की है। रामप्रसाद, राकेश कुमार, दुर्गा सिंह, बलबीर, रेखा, निशि, मालती, कृष्णा देवी समेत कई ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी से विद्यालय को बनाए रखने की मांग की है।

### कार्यकर्ताओं की मेहनत व एकजुटता से मजबूत होगी बसपा

**बलरामपुर।** गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के बेनीनगर गांव में बुधवार को बसपा कार्यकर्ताओं की बूथ स्तरीय बैठक हुई। बैठक में बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। कहा कि किसी भी चुनाव में पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं पर बल पर ही होती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अलाउद्दीन खान, इमरान अहमद खान, काशीराम, जनार्दन वर्मा, शंभू गौतम, जिलाध्यक्ष लालचंद, रमाकांत भारती, रामनिवास, अभय प्रताप राव व बिंदेश्वरी भारती सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### हरवंशपुर प्राथमिक विद्यालय में तोड़ा गया स्मार्ट प्रोजेक्टर

**बलरामपुर।** हरवंशपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगे स्मार्ट प्रोजेक्टर को किसी अराजक व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए जाने का मामला सामने आया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रामकिशोरी द्वारा कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की स्मार्ट शिक्षा हेतु लगाया गया प्रोजेक्टर उपकरण किसी अराजक व्यक्ति द्वारा जानबूझकर तोड़ दिया गया जिससे शैक्षणिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि इस तरह की घटनाएं बच्चों की पढ़ाई में रुकावट उत्पन्न करती हैं और शिक्षा के डिजिटल प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी ऑनलाइन जारी

**बलरामपुर।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी (आंसरशीट) अब ऑनलाइन उपलब्ध करा दी गई है। परीक्षार्थी अपने उत्तरों का मिलान स्वयं कर सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के उत्तर को लेकर आपत्ति हो तो वह निर्धारित समय सीमा के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने जानकारी दी कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन सोमवार को एमएलके महाविद्यालय में किया गया था जिसमें कुल 366 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

### भारतीयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है नेपाल पुलिस

**बलरामपुर।** नेपाल की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस द्वारा भारतीय नागरिकों के साथ सौतेला व्यवहार और अवैध वसूली की खबरें सामने आई हैं। ये घटनाएं तब होती हैं जब भारतीय नागरिक बाबा प्रभूनाथ की दर्शन यात्रा पर नेपाल जाते हैं। भारतीय नागरिकों का आरोप है कि नेपाल की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस द्वारा उन्हें परेशान किया जाता है और उनसे अवैध धन की मांग की जाती है। इस समस्या को लेकर रामपाल यादव ने नेपाल के दर्जा प्राप्त मंत्री से शिकायत की, जिन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल आज

**बलरामपुर।** बाढ़ आपदा से बचाव को लेकर 26 जून को मॉक ड्रिल आयोजित होगा। यह मॉक ड्रिल बलरामपुर जिले की तीनों तहसीलों में होगा। तहसील बलरामपुर में सिसई घाट, तहसील तुलसीपुर में लौकहवा और तहसील उतरौला में पीडीया खुर्द में मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। इस दौरान आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों को परखा जाएगा और जनजागरूकता फैलाई जाएगी।

### जांच करने गए पुलिस आरक्षी पर लाठियों से हमला

**खरगूपुर, गोंडा :** मामला खरगूपुर के ग्राम पंचायत झूरी कुइयां के मजरा साईं पुरवा का है। यहां की रहने वाली गुड़िया पत्नी स्वर्गीय हरिद्वार का 12 वर्षीय बेटा गायब हो गया था। पीड़िता ने बेटे के गायब होने की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मामले की जांच के लिए उप निरीक्षक जयप्रकाश मिश्रा तथा आरक्षी गौतम प्रसाद को मौके पर भेजा। उप निरीक्षक तथा आरक्षी द्वारा गांव में पहुंचकर मामले में पूछताछ की जा रही थी और पीड़िता को गायब बच्चों को शीघ्र ही पता लगाने के साथ ही बरामद किए जाने का विश्वास दिलाया जा रहा था। आरोप है कि पड़ोस के ही सोनबरसा गांव के कल्पराम वर्मा ने भी वहां पहुंचकर कहा कि पुलिस वाले गायब बच्चे का पता नहीं करेंगे केवल खाना पूर्ति करने आए हैं और उत्तेजित होकर आरोपी व्यक्ति ने आरक्षी गौतम प्रसाद पर लाठी से हमला कर दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### गन्ना किसानों को दी गई उपयोगी तकनीक की जानकारी

**उतरौला, बलरामपुर।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गन्ना विकास परिषद उतरौला द्वारा न्याय पंचायत गेंडास बुजुर्ग के ग्राम दुभरा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, संतोष कुमार मिश्रा वरिष्ठ गाना प्रबंधक/ मास्टर ट्रेनर, योगेश त्रिपाठी गन्ना प्रबंधक/ मास्टर ट्रेनर, अमित कुमार शाह गन्ना पर्यवेक्षक/ मास्टर ट्रेनर, अतुल कुमार सिंह गन्ना पर्यवेक्षक /मास्टर ट्रेनर ने वार्ताकार के रूप में प्रतिभाग किया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए नरेंद्र सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा जून माह में यूरिया का अंतिम डोज का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। आगे उनके द्वारा चोटी बेधक, तना बेधक, जड़ बेधक, दीमक, पायरिला, काला चिकटा आदि के संक्रमण दिखते ही उपचार करने के संबंध में कृषकों को प्रशिक्षित किया गया।

**कार्यालय – ग्राम पंचायत भूसहरपुरई विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर**

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भूसहरपुरई में केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अंतर्गत शौचालय निर्माण/रेट्रोफिटिंग, नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल निर्माण, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप, हैंड पंप, मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, स्कूल में दिव्यांग/सामान्य शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, सोकपिट निर्माण, सामुदायिक शौचालय मरम्मत आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन में कुर्सी मेज आदि क्रय, सोलर लाइट, पशु शेड बकरी शेड, मुर्गी शेड, निर्माण, स्वयं सहायता समूह हेतु शेड निर्माण खाद गड्ढा नाडेप वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत गौवंश आश्रम स्थल का बाउंड्री वाल निर्माण, कूप मरम्मत अन्त्येष्टि स्थल निर्माण आदि। प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेन्ट सरिया, पत्थर गिट्टी, स्ट्रोन, इंटरलॉकिंग गईलस, साईन बोर्ड, पत्थर, मिट्टी, जी. एस. एस. बी. (लोहा पाइप) विभिन्न माप को स्पॉन पाइन ऋक पाईप, लोहे का दरवाजा। प्राईमर, पेंट, पुट्टी, सिमिटेड सीट, (एल्बेस्टर) शौचालय शीट यूरिनल सीट, ढक्ड पाइप, टोटी, सिंटेक्स, वाश बेसिन आदि आवश्यक है। सामग्री। आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा/ कोटेशन जो पंजीकृत फर्म हो आमंत्रित की जाती है।

जो दिनांक 26/6/2025 से 28/6/2025 को दिन में 02:00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जाएगा/निविदा/कोटेशन दिनांक .30/6/2025 को 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा/निविदा कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विशिष्टियों के अनुसार परिमंडल गोंडा के द्वारा निर्धारित दरों के संक्षेप की जाएगी। शेष नियम और शर्तें लागू।

महिनकी देवी, ग्राम प्रधान — संजय कुमार मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत भूसहरपुरई विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सुभाषी का चाल चलन ठीक नही है जिन्होंने हमारा व हमारे परिवार का जीना दूभर कर दिया है, वह हमारे साथ अमर्यादित व्यवहार व मारपीट करते है, हमको जान से मारने की धमकी व गाली गलौज करते है, सबको फर्जी झूठे मनगढ़ंत मुकदमों में फंसा देने की धमकी देते हैं, जिससे हम अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सुभाषी द्वारा किये गये किसी भी अनुचित कार्य के प्रति काफी भयभीत रहते है। तथा पुत्र व उसकी पत्नी के गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं, और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे हमसे व हमारे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **इन्द्रपाल पुत्र स्व0 रामभरोसे व सविता यादव पत्नी इन्द्रपाल यादव निवासीगण ग्राम-भगमतखेड़ा, परगना व थाना काकोरी, तहसील व जिला-लखनऊ हाल पता सलेमपुर पतौरा काकोरी लखनऊ**

**सूचना**

मैं अख्तरुन आयु लगभग 44 वर्ष पति का नाम अब्बास निवासी- ग्राम हैबतपुर पोस्ट दर्शन नगर जिला अयोध्या सशपथ बयान करती हूं कि मैंने अपने जीवन पर भारतीय जीवन बीमा निगम से पालिसी संख्या 275850430 ली है। शपथी कि पालिसी संख्या 275850430 में शपथी का नाम अख्तरुल निशा पत्नी अब्बासअली अंकित है। परंतु शपथी के आधार कार्ड नंबर 642689914588 में नाम अख्तरुन पत्नी अब्बास है। बैंक खाता में भी नाम अख्तरुन पत्नी अब्बास है। अख्तरुन पत्नी अब्बास व अख्तरुल निशा पत्नी अब्बासअली नाम शपथी का ही है। शपथी कि पालिसी संख्या 275850430 में शपथी का नाम अख्तरुल निशा पत्नी अब्बास अली के स्थान पर अख्तरुन पत्नी अब्बास संशोधित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा फ्लैट सं0-8/डी1-1412, क्षेत्रफल 78.39 वर्ग मीटर स्थित फ्लोर सं 14, अवध विहार योजना, सेक्टर-08, गोमती एन्क्लेव, 2 बी0एच0के0, जनपद लखनऊ, उ0प्र0 में पंकज कुमार पाण्डेय के नाम पंजीकृत है। उक्त फ्लैट का आवंटन पत्र पंकज कुमार पाण्डेय के पास से कही गायब हो गया है।

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र विपिन कुमार व उसकी पत्नी काजल के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। – **महेश चंद्र पुत्र मंगू सिंह उर्फ मंगल सिंह निवासी –कुदरकोट थाना कुदरकोट –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा मकान संख्या-एस0एस0- 11-519/डी-1 क्षेत्रफल 36.75 वर्गमीटर स्थित-सेक्टर डी-1. एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, योजना, जिला लखनऊ उ0प्र0 मकान इबरार अहमद खान के नाम पंजीकृत है। उक्त मकान का आवंटन पत्र अजहर अहमद खान के पास से कही गायब हो गया है।

**NOTICE**

I am Simrah Siddique daughter of Umar Siddique Tabrez, resident of 544K/44 Sardar Nagar Campbell Road, Balaganj Lucknow, my correct and actual date of birth is 11-02-2010 which is also mentioned on the Aadhar card. But in my high school educational records, my date of birth has been mistakenly recorded as 10-02-2010 which is wrong. Therefore, my correct and actual date of birth should be recorded in my high school educational records.

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम Ashok Kumar Yadav से बदल कर Ashoka Kumar Yadav रख लिया है। क्योंकि मेरा नाम अंक विज्ञान की दृष्टिकोण से शुभ नहीं था। भविष्य में मुझे Ashoka Kumar Yadav के नाम से जाना व पहचाना जाए। **अशोक कुमार यादव पुत्र स्व. अशर्फी लाल यादव, निवासी-चूरामन पुरवा रसूलपुर सादत पी एस इन्दिरा नगर रसूलपुर सादत लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मदार बक्श पुत्र स्वद्ग उमेद अली, निवासी ग्राम मवईकलां, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** का हूँ। मेरा पुत्र मो0 सलीम व बहू अफसाना पत्नी मो0 सलीम मिलकर मेरे साथ आये दिन तिरस्कार किया करते है मुझे भला-बुरा कहा करते है गन्दी गन्दी गालिया देते है व मारपीट पर अमादा रहते है, उक्त दोनों का चाल-चलन व सामाजिक गतिविधिया ठीक नहीं है इसलिए अपने पुत्र व बहू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा अब यदि भविष्य में मेरे पुत्र द्वारा कोई भी गलत कृत्य किया जाता है तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे, मेरा कोई भी वास्ता वे सरोकार नही होगा।

## एक नजर

### पोस्ट डालने के आरोप में युवक को पीटा

**परसपुर, गोंडा :** ग्राम सरदार पुरवा डेहरास निवासी सतीश कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 24 जून की शाम करीब 5 :30 बजे निजी कार्य से परसपुर बाजार आया था। जैसे ही वह हीरो एजेंसी के सामने पहुँचा, तभी मुकुन्द सिंह, वैभव सिंह, लवकुश सिंह और चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया और कहा कि 'तुम विधायक के खिलाफ पोस्ट क्यों डालते हो। विरोध करने पर सभी ने उसे गालियां दीं, लाठी-डंडों से पीटा, उसकी सोने की चेन और स्किन टच मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

### इंटरलॉकिंग के दौरान मारपीट, दो घायल

**धानेपुर :** ग्राम पंचायत बिहुरी में इंटरलॉकिंग लगाने के दौरान रोका टोकी करने के मामले में मारपीट हो गई। जिसमें एक ही घर की दो किशोरियां घायल हो गई हैं। आरोप है कि इंटर लाकिंग लगाये जाने से रोकने पर प्रधान पति ने अपने साथियों संग मिलकर घर में घुसकर किशोरियों के साथ मारपीट की है। पीड़िताओं की शिकायत पर धानेपुर पुलिस ने ग्राम प्रधान पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### युवक लापता

**धानेपुर :** पुरानी बाजार रेतवागाड़ा की रहने वाली महिला अनीता वर्मा के मुताबिक उसका लड़का वीरेंद्र वर्मा (20) वर्ष बिना बताए कहीं चला गया है। तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### जानलेवा हमले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**गोंडा :** वजीरगंज के भगोहर में सत्यदेव मिश्र के अपने घर की सफाई करने के दौरान हुए जानलेवा हमले के आरोपी तरुण गोस्वामी पुत्र अभयराज गोस्वामी निवासी भगोहर को झिलाही मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीते शनिवार को मकान साफसफाई के दौरान हुए विवाद में 6 लोग घायल हो गए थे। पीड़ित सत्यदेव मिश्र ने 8 लोगों को नामजद करते हुए 8अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शेष की तलाश की जा रही है।

### हवन पूजन के साथ भंडारा का आयोजन

**गोंडा :** वेदम इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे कथा के समापन पर जयशंकर तिवारी आयोजक लाजपति तिवारी द्वारा पूर्ण आहुति के साथ हवन व भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें तमाम श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक जयशंकर तिवारी,अनिल सिंह, चंदन तिवारी, शिवेन्द्र दुबे, शशांक सिंह, शिशिर सिंह, विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस मीनाक्षी गुप्ता, के अलावा समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही लक्ष्मणपुर व सोनी ग्राम प्रधान सहित कई ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। आयोजन भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### शादी अनुदान के लिए 45 लोगों ने किया आवेदन

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों को मिलाकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गत एक अप्रैल से अब तक 45 लोगों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है। ब्लॉक के प्रभारी एडीओ समाज कल्याण के डी सिंह ने बताया कि इसके अलावा शादी अनुदान योजना के तहत पिछड़ी जातियों के 42 तथा अनुसूचित जाति के 46 लोगों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इन सभी आवेदन पत्रों को पात्रता की जांच के लिए पंचायत सचिवों को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद पात्र पाए जाने पर सभी आवेदकों को अनुदान की धनराशि भुगतान किए जाने के लिए उच्च अधिकारियों से संस्तुति कर दी जाएगी।

### दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक

**बेलसर।** दस्तक अभियान में 249 आशा क्षेत्र के हर घर पहुंच कर मरीजों की पहचान करेंगी। सात संगिनी 34 एएनएम का भी साथ मिलेगा। सीएचसी बेलसर क्षेत्र में 249 आशा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सात संगिनी, 34 एएनएम 11 जुलाई से 31 जुलाई तक लोगों को जागरूक करेंगी। बीपीएमओ वंदना सिंह ने बताया कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पंचायत विभाग, पशुपालन विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगदान देंगे। 11 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग दस्तक अभियान चलाएगा। जिसमें क्षेत्र की एएनएम घर घर जाकर मरीजों की पहचान करेंगी।

# मनरेगा कार्य में घोटाला उजागर, वायरल वीडियो से हड़कंप

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**गड़बड़झाला**

- ग्राम अंदुपुर में ठेकेदारी से कराया जा रहा मनरेगा कार्य, ग्रामीणों में रोष
- ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र लिखकर जांच की मांग की



**अमृत विचार :** परसपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अंदुपुर में मनरेगा योजना के तहत हो रहे मिट्टी पटाई कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मनरेगा श्रमिकों की बजाय ठेकेदारी व्यवस्था के जरिए कार्य कराए जाने के स्पष्ट प्रमाण देखे जा सकते हैं।

स्थानीय ग्रामीण बृज भूषण पाण्डेय सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी गोंडा को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के पात्र मजदूरों की अनदेखी कर कार्य गैर ग्रामों व परसपुर नगर पंचायत के श्रमिकों से कराया जा रहा है। इससे अंदुपुर गांव के दर्जनों बेरोजगार मजदूरों को रोजगार से वंचित होना पड़ा है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए खंड विकास अधिकारी परसपुर उमेश प्रसाद ओझा ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी प्राप्त होते ही सचिव को मौके पर भेजकर जांच शुरू कराई गई है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध मे ग्राम प्रधान शंकर गौतम ने बताया कि उनके सारे काम गांव के बोंडी गुप्ता कराते हैं, उन्हीं से बात करने पर पता चलेगा।

अंदुपुर ग्रामवासियों ने शासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर ठेकेदारी प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, साथ ही ग्राम के पात्र मजदूरों को प्राथमिकता दी जाए।

**स्थानीय प्रशासन पर उठ रहे सवाल**

गांव के लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी मनरेगा के तहत फर्जी हाजिरी, अपात्रों को मजदूरी भुगतान और कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी जैसे आरोप सामने आते रहे हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं।

**मनरेगा की मंशा पर उठे सवाल**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन जब स्थानीय मजदूरों को दरकिनार कर ठेकेदारों के जरिए कार्य कराया जाएगा, तो योजना की मूल भावना ही समाप्त हो जाती है।

# बीमारी और तंगहाली ने छीनी उम्मीद पिता-पुत्र ने लगाई नदी में छलांग

## पिता को ग्रामीणों ने बचा कर सीएचसी पहुंचाया, बेटे की डूब कर मौत

संवाददाता, कटरा, गोंडा



कलवारी गांव में बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गरीबी और बीमारी की दोहरी मार से जूझ रहे एक पिता-पुत्र ने बुधवार को त्रिमुहानी घाट पर स्थित सरयू नदी में छलांग लगा दी। इस हृदय विदारक घटना में जहां बेटे की डूबकर मौत हो गई, वहीं ग्रामीणों की सूझबूझ से पिता की जान बचा ली गई। घटना की जानकारी मिलते ही परसपुर थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों कलवारी गांव के रहने वाले हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील करनैलगंज के थाना कटरा बाजार क्षेत्र अंतर्गत कलवारी गांव निवासी अरविंद गोस्वामी लंबे समय से बीमारी से परेशान थे और आर्थिक स्थिति भी बेहद खराब थी। इन हालातों से तंग आकर उन्होंने अपने बेटे नवनीत गोस्वामी के साथ पसका स्थित त्रिमुहानी घाट पर जाकर नदी में छलांग लगा दी। नदी में छलांग लगाते ही वहां मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अरविंद को बाहर निकाल लिया और तत्काल परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन जब तक नवनीत को निकाला जाता, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

चौकी प्रभारी पसका सावन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पिता पुत्र दोनों लोगों को नदी से बाहर निकाला गया, जिनमें से नवनीत की मौत हो गई। वहीं पिता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### गोंडा-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन संचालन की मांग तेज, रेल मंत्री को भेजा गया पत्र

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन के संचालन को पुन: शुरू कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय रेल मंत्री को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजा है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशीष गिरि, महामंत्री कन्हैयालाल वर्मा, संजय यज्ञसेनी, मुकेश वैश्य, रामकुमार मौर्या, चंद्रशेखर गोस्वामी तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह और अशोक कुमार सिंघानिया ने अपने संयुक्त पत्र में कहा है कि गोंडा-लखनऊ के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन गरीब तबके के यात्रियों और छोटे व्यापारियों के लिए जीवन रेखा के समान थी। इस ट्रेन से लोग सस्ते और सुगम माध्यम से लखनऊ पहुंचते थे। पत्र में बताया गया कि कोविड महामारी के दौरान ट्रेन संचालन स्थगित किया गया था, लेकिन उसके बाद इसे पुन: शुरू नहीं किया गया। जबकि वर्तमान में तीसरी रेल लाइन का संचालन शुरू हो चुका है और चौथी लाइन बिछाने की तैयारियां भी जोरों पर हैं। ऐसे में पैसेंजर ट्रेन न चलने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री से मांग की है कि जनहित को देखते हुए गोंडा-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन का संचालन तत्काल बहाल किया जाए, जिससे आम जनता और व्यवसायियों को राहत मिल सके।

# निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान प्रसूता की मौत, हंगामा

- मृतका के परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लगाया इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

**गोंडा, अमृत विचारः** प्राइवेट अस्पताल में प्रसूता की डिलीवरी के बाद मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल संचालक पर इलाज मे लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा।

नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केशवपुर पहड़वा, महादेवा की रहने वाली तारा देवी पत्नी सूरज गोस्वामी को परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि डिलीवरी के बाद महिला की हालत खराब हो गई। बच्चा को तो आईसीयू में कर दिया गया, लेकिन प्रसूता के इलाज में लापरवाही ब ती गई जिसके चलते मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर अस्पताल पर काफी भीड़ जुट गई परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद मृतका के परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। मृतका के पहले से ही दो बच्चे हैं। पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच करने की बात कही है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। बच्चा सुरक्षित है लेकिन महिला की मृत्यु हो गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही की गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# भू माफिया की बस्ती जेल में बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

- गोंडा जिला कारागार से दिसंबर 24 में बस्ती जिला कारागार निरुद्ध किए गए थे बृजेश अवस्थी

**गोंडा, अमृत विचार :** तत्कालीन डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल के समय भू माफिया घोषित किए गए बृजेश अवस्थी की बस्ती जेल हिरासत में मौत हो गई। इसके पहले भी भूमि की हेराफेरी में जेल में बंद दो लोगों की संदिग्ध मौत हो चुकी है। लगातार तीन मौतों से जेल प्रशासन व जिम्मेदारों पर अंगुलियां उठने लगी है।

भू माफिया बृजेश अवस्थी की बस्ती के जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि बुधवार सुबह बस्ती जिला कारागार में बन्द बृजेश के सीने में दर्द उठा। जिला प्रशासन ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले बृजेश अवस्थी को जिला प्रशासन ने भू माफिया की सूची में रखा था। वह काफी समय से स्थानीय जिला कारागार में बंद थे। दिसंबर 24 को उनको जिला कारागार बस्ती में स्थानांतरित किया गया था। बृजेश अवस्थी के खिलाफ फर्जी अभिलेखों के सहारे जमीन बैनामा कराने, 419, 20 के लगभग 40 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। फर्जी अभिलेख के सहारे जमीन कब्जा करने को लेकर उनके मकान पर बुलडोजर भी चलाया गया था। बृजेश की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। बताया जाता है कि बृजेश के सीने में दर्द हुआ था जिसकी सूचना उसके द्वारा जिला कारागार बस्ती के अधिकारियों को दी गई। जिस पर इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। बृजेश पर फर्जी अभिलेख के सहारे जमीन पर कब्जा करने का आरोप था। फिलहाल बस्ती जिला कारागार में बृजेश के मौत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसके पहले शालिक राम सिंह निवासी परसपुर की जेल में निरुद्ध होने के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत का मामला सामने आया था। इसके बाद राजकुमार लाल श्रीवास्तव की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जमीन की हेराफेरी मामले में जेल में बंद तीन लोगों की मौत से कई सवाल उठ रहे हैं।

# हाईवे पर हुई दुर्घटना में घायलों में एक की मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज फोरलेन हाईवे पर मंगलवार की सुबह हुई सड़क हादसे में घायल स्कार्पियो सवार पांच लोगों में एक की मौत बुधवार की सुबह इलाज के दौरान अयोध्या के मेडिकल कॉलेज में हो गई। मृतक राजेन्द्र (45) गोरखपुर जिले के तिलहटा मुंडेरा थाना झंगहा का रहने वाला जो अपने परिवार के अन्य चार सदस्यों के साथ स्कॉर्पियो से घर लौट रहा था। रास्ते में अनियंत्रित वाहन फोरलेन पर महेशपुर गांव के पास आगे चल रही एक ट्रक में घुस गई। इस जोरदार टक्कर में स्कार्पियो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और इस पर सवार दो महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अयोध्या के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। सरजू घाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि राजेन्द्र के मौत की सूचना मिली है। हादसे के बाद ट्रक समेत चालक मौके से भाग निकला, ट्रक के पहचान का प्रयास पुलिस कर रही है।

# नए रास्ते से नहीं निकलेगा ताजिया जुलूस

**कटरा बाजार, अमृत विचार।** बुधवार को थाना कटरा बाजार परिसर में आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर थाना क्षेत्र संभ्रांत व्यक्तियों व ताजीएदारों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने उपस्थित लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मानने की अपील की। सभी तजियादारों से उन्होंने कहा कि कोई भी नये रास्ते से जूलूस नहीं ले जाएगा। एडिशनल एसपी ने कहा कि जूलूस के दौरान उपद्रवियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राम प्रताप पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक पवन सिंह, बृजेश गौड़, प्रमोद कुमार सिंह, पेशकार यादव, कॉस्टेबल राम सिंह, चंद्रपाल गौड़, सुनील कुमार, पूर्व चेयरमैन सुबराती, दरोगा शुक्ल, सुनील दीक्षित, दद्दू मिश्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**मुहिम** आयुक्त ने की पौधरोपण अभियान की समीक्षा

# पौधरोपण में औपचारिकता नहीं बल्कि जन सहभागिता हो : आयुक्त

संवाददाता, गोंडा



पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बुधवार को मंडलायुक्त सभागार में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने पौधरोपण अभियान की प्रगति एवं लक्ष्यों के संबंध में समीक्षा की। बैठक में लोक भारती संस्था के पदाधिकारी, जिलाधिकारी गोंडा, मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, प्रभागीय वनाधिकारी गोंडा एवं बलरामपुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण लक्ष्य की प्राप्ति करना तथा अभियान की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना था। आयुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण महज औपचारिकता न होकर जन सहभागिता से संचालित एक सशक्त जन आंदोलन बने। लोक भारती संस्था के प्रतिनिधियों ने बैठक में बताया कि संस्था द्वारा नदियों के किनारे पौधारोपण विद्यालयों के बाउंड्री के किनारे हरिशंकरी पौधारोपण, गौशालाओं में सहजन के पौधों का रोपण किया जाए तथा जनपद के सभी नगर पंचायत, नगर पालिका एवं वार्डों में भी पौधरोपण का कार्य कराया जाए व ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाकर किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं स्कूली छात्रों को पौधरोपण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। संस्था ने यह भी आश्वासन दिया कि अभियान की सफलता हेतु समर्पित स्वयंसेवकों की टीम निरंतर क्षेत्र में कार्यरत है। बैठक में राजेंद्र भोनवाल पूर्व चुनाव आयुक्त, मोनिका भोनवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकभारती, बृजेंद्र पाल सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोक भारती, गोपाल उपाध्याय राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री लोक भारती, कृष्णा चौधरी राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख लोक भारती, सौरभ सिंह कार्यालय प्रभारी लोक भारती उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मानदेय न मिलने पर संविदा बिजली कर्मियों में आक्रोश

**खरगूपुर, गोंडा :** मानदेय का भुगतान न होने पर विद्युत उपकेंद्र के संविदा कर्मियों ने अवर अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर कार्य बहिष्कार की चेतावनी देते हुए धरना प्रदर्शन किया। खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र के आईपीडीएस टाउन, विशुनापुर, साउथ, गोकरननाथ शिवाला, देवतहा आदि फीडरों पर 22 संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। कर्मचारियों ने अवर अभियंता रवि कुमार वर्मा को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्हें मई माह के मानदेय का भुगतान नहीं हुआ। जिससे परिवार का भरण पोषण व बच्चों की फीस, पुस्तक आदि के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों ने प्रत्येक महीने के सात तारीख तक मानदेय भुगतान की मांग की है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए मानदेय का भुगतान न होने पर कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी देते हुए उपकेंद्र पर एक दिवसीय धरना दिया है। उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता रवि कुमार वर्मा ने बताया कि संविदा कर्मचारियों का प्रार्थना पत्र मिला है। जिन कर्मियों का खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में है उनका भुगतान हो गया है। वहीं दूसरे बैंक के खाता धारकों का टेक्निकल कमी के कारण भुगतान नहीं हो पाया। जिनका भुगतान भी कराया जा रहा है।



### प्रधान मजिस्ट्रेट ने सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** अयोध्या रोड पर उम्मेद जोत में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किशोर न्याय बोर्ड बलरामपुर के प्रधान मजिस्ट्रेट प्रभात कुमार दूबे ने किया। निरीक्षण के दौरान देवीपाटन मण्डल के जनपदों व इसके अतिरिक्त अन्य जनपदों के कुल 66 किशोर आवासित पाये गये। उन्होंने अधीक्षक संतोष कुमार दूबे को निर्देशित किया कि किशोरों को कोई समस्याएं न होने पाये। प्रधान मजिस्ट्रेट ने किशोर कक्षों, रसोई कक्ष, स्टोर रूम सहित साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा किशोरों से भी संस्था में मिल रही सेवाओं के बारे में जानकारी, जिसमें कोई समस्या नहीं मिली। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। संस्था में योग प्रशिक्षक देवांश, बेसिक शिक्षा विभाग से दो सहायक अध्यापक, कम्प्यूटर प्रशिक्षक विवेक कुमार, सिलाई प्रशिक्षक श्रवण कुमार द्वारा आवासित किशोरों को स्वस्थ रहने व स्वावलंबी बनाये जाने हेतु उचित शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान केयरटेकर रमाशंकर कनौजिया समेत अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण को लेकर आप ने शुरू किया क्रमिक अनशन




अनशन पर बैठे आप जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** सड़क निर्माण की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी का पांच दिवसीय क्रमिक अनशन जिला पंचायत सभागार के सामने टीन शेड में शुरू हो गया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा अज्जू पंडित ने बताया कि गोंडा चांदपुर तिलका बाज़ार मार्ग को सही कराने की मांग काफी दिन से की जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन समस्या के निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं है। सड़क को सही कराए जाने को लेकर कई बार बार मांग पत्र भी दिया जा चुका है, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया है। मजबूरी में क्रमिक अनशन की शुरुआत करनी पड़ी है। जिला उपाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही है। धरातल पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। जनता असहाय है और अव्यवस्था की शिकार हो गई है। जिला सचिव नियाज अहमद ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर नहीं है, लेकिन आम आदमी पार्टी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान कर्नलगंज के अध्यक्ष दिलीप सिंह, शिवम शर्मा, दिग्गज पांडे, धनुष राम, आरके सिंह, जय प्रकाश यादव, मंजू देवी, विनोद कुमार, आनंद राव, मनीष पांडे, अतीक अहमद, रेणु देवी, नरेश कुमार, शिव कुमार, शुभम शुक्ला, पराग दत राम करन, आर्यन पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नशा उन्मूलन व बाल विवाह रोकने में भूमिका निभायेगी योजना



प्रशिक्षण में सदस्यों को संबोधित करते अपर जिला जज दानिश हसैनन।

**गोंडा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नशा उन्मूलन और बाल विवाह जैसी सामाजिक विसंगतियों के कानूनी पहलुओं से लोगों को अवगत कराने और जागरूकता अभियान चलाकर इन कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जनपद न्यायाधीश जफीर अहमद की अध्यक्षता में समितियों का गठन किया गया है। समिति गठन के पश्चात आज जनपद न्यायालय के वीडियो कांफ्रेसिंग कक्ष में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित की जा रही योजनाएं नशा उन्मूलन व बाल विवाह जैसी सामाजिक विसंगतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकार मित्रों को संबोधित करते हुए अपर जिला जज ने कहा कि नशे के बहुआयामी नुकसान हैं। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा इसकी चपेट में है। उन्होंने कहा कि ऐसी विसंगतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ये चिंताजनक है कि बाल विवाह जैसी कुरीतियां भी किसी ना किसी रूप में आज भी हमारे समाज में अपनी जड़ें जमाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों से संबंधित कानूनी पहलुओं पर लोगों को जागरूक करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अधिकार मित्रों की है, क्योंकि धरातल पर लोगों से सीधा संपर्क उन्हीं का होता है। प्रशिक्षण सत्र में असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृजलाल तिवारी ने सभी अधिकार मित्रों को उनके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पैनल अधिवक्ता अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। प्रशिक्षण सत्र में डिप्टी डिफेंस काउंसिल अनिमेष चतुर्वेदी व सभी अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

### आम से लदी पिकअप पलटी, चालक घायल

**करनैलगंज, गोंडा :** आपदा में अवसर तलाशने की कहावत मंगलवार रात करनैलगंज के परसपुर रोड स्थित नचनी के पास चरितार्थ होती दिखी। आम से लदी एक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा कर पलट गई। दुर्घटना में चालक घायल हो गया। लेकिन, मदद के बजाय मौके पर पहुंची पुलिस वाहन के कागजात चेक करने और आम ले जाने से रोकने में व्यस्त नजर आई। हादसा उस वक्त हुआ जब बहराइच के कटलिया निवासी प्रभु आम से लदी पिकअप गाजीपुर लेकर जा रहा था। परसपुर रोड पर नचनी के पास एक ट्रक को बचाने के प्रयास में पिकअप सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा कर पलट गई। खंभा टूट गया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छैलू फ्रूट कंपनी से फल व्यापारी मोहम्मद फैज मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद कोतवाली करनैलगंज के सिपाही राम सरण मौर्य और एक अन्य पुलिसकर्मी ने व्यापारी को आम ले जाने से रोक दिया। आरोप है कि पुलिसकर्मी कहने लगे कि रात भर उन्होंने आम की रखवाली की है, इसलिए कोतवाल के आदेश पर ही आम को ले जाने दिया जाएगा। पुलिस व आढ़ती के बीच बहस होती रही। बाद में जब इस बाबत कोतवाल तेज प्रताप सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। वाहन और चालक वैध कागजात दिखाकर आम ले जा सकते हैं। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क किनारे खड़ा करवा दिया गया है। काफी देर चली मान-मनौव्वल के बाद आढ़ती किसी तरह आम लेकर रवाना हो सका।



कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्षणं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमे सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मैरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

# युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

> ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आशवस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

## प्रसंगवश

# नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

**दिवस विशेष**

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

# क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर –नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

## सोशल फोरम

# कमजोर सामाजिक सत्ता

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह "एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।

क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# सत्ता के नशे में कांग्रेस ने की थी संविधान की हत्या: कपिल देव अग्रवाल

## 25 जून को लोकतंत्र का काला दिवस बताकर भाजपा ने जताया आक्रोश, 15 लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया गया सम्मानित, आपातकाल की प्रदर्शनी व संगोष्ठी आयोजित

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी ने 25 जून को लोकतंत्र का काला दिवस बताते हुए कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोला। जिले के पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में 1975 की घटनाओं को याद करते हुए संगोष्ठी, प्रदर्शनी, पौधरोपण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत इमरजेंसी पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन और अवलोकन से हुई। इसके पश्चात कार्यालय परिसर में पौधरोपण हुआ। संगोष्ठी में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने धारा 352 लगाकर देश पर आपातकाल थोप दिया था। यह लोकतंत्र और संविधान की हत्या थी, जिसे आज भी लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाता है। राकेश त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस आज भी उसी मानसिकता में जी रही है और चुनावों में संविधान व आरक्षण को लेकर झूठ फैलाने का कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान जेल यातनाएं झेलने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानी हृदय राम ने अपनी आपबीती साझा करते हुए कहा कि वे दिन याद कर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कार्यक्रम में 15 लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र, पुस्तक और पुष्पमाल्य देकर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ वीपी सिंह, डॉ अनंत प्रकाश पांडेय, रामचंद्र चौधरी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, आदित्य उपाध्याय, गंगाराम यादव, भैया राम मौर्य, नरेंद्र बहादुर सिंह, राम लखन विश्वकर्मा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला ने किया, जबकि समन्वय का कार्य जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार ने संभाला।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

पत्रकार वार्ता में भी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि आपातकाल के दौरान इंदिरा सरकार ने न्यायपालिका, प्रेस और संविधान की आत्मा को कुचल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र और संविधान विश्व पटल पर मजबूती से स्थापित हो चुका है। प्रेस वार्ता में मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, राहुल भान मिश्रा भी मौजूद रहे।



आईटीआई का निरीक्षण करते कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल। अमृत विचार

### तकनीक आधारित शिक्षा से ही युवा बनेंगे आत्मनिर्भर: अग्रवाल

**आईटीआई सुलतानपुर में प्रशिक्षणार्थियों से संवाद, रोबोटिक आर्म का किया अवलोकन**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सुलतानपुर का दौरा कर संस्थान की शैक्षिक व प्रयोगात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी, कौशल और परिश्रम को जीवन का आधार बनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने टी.टी.एल. योजना के तहत संचालित इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एवं डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित रोबोटिक आर्म का प्रदर्शन देखा और छात्रों की तकनीकी दक्षता व नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि, आज का युग तकनीक आधारित ज्ञान का है। यदि हमारे युवा तकनीकी कुशलता और व्यावहारिक हुनर से लैस होंगे, तो वे न केवल स्वयं को, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर बना सकते हैं। संस्थान में संचालित टी.टी.एल., जी.आई.टी.आई., कौशल विकास मिशन एवं आई.टी.ओ.टी. से जुड़े सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उद्योगों से सीधा जोड़ते हुए इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड लर्निंग को बढ़ावा दिया जाए। टेक्नोलॉजी आधारित व्यवसायों को प्रत्येक संस्थान में प्राथमिकता दी जाए।

## एक नजर

### बंदूक और कारतूस रखने के 33 साल पुराने मामले में दोषी को सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र में 33 वर्ष पूर्व अवैध बंदूक और कारतूस बरामदगी के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने धम्मौर थानाक्षेत्र के मुडई नेवादा निवासी जमील अहमद को दोषी पाते हुए पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। यह मामला एक अक्टूबर 1992 का है, जब तत्कालीन थानाध्यक्ष वी.एन. राय ने आरोपी के कब्जे से अवैध शस्त्र और कारतूस बरामद कर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की पैरवी लोक अभियोजक मयंक सिंह ने की।

### एलआईसी डकैती मामले में सुनवाई आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा में वर्ष 2008 में हुई 13.15 लाख रुपये की दिनदहाड़े डकैती के मामले में बुधवार को विवेचक व साक्षी उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह के न आने से सुनवाई 26 जून तक टल गई। विवेचक की गवाही में केस विचाराधीन है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट के मामले में गैर जमानती वारंट पर फरार चल रहे अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मालापुर निवासी जितेंद्र कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को अदालत में पेश किया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राकेश पांडेय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को नियत की गई है।

### अवैध शस्त्र मामले में दोषी को छह माह की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने आयुध अधिनियम के तहत पट्टी बरसण्डा कमरौली निवासी आरोपी जयगोपाल को दोषी करार देते हुए 6 माह की साधारण कैद और 5,000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आरोपी के खिलाफ थाना कमरौली, जनपद अमेठी में वर्ष 2025 में केस दर्ज हुआ था। अभियोजन की तरफ से पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी अभिषेक ने की।

### समृद्धि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में पाया दूसरा स्थान

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय की होनहार छात्रा समृद्धि सिंह ने उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा में पीएचडी (मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी) ग्रुप में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। समृद्धि, राघवेंद्र प्रताप सिंह की पुत्री हैं और उनकी यह सफलता जिले के लिए गर्व का विषय है।

# पूर्व विधायक के केस में वादी मुकदमा कोतवाल तलब

## अदालत से

**2002 में कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने छात्रा पूनम की सड़क हादसे में मौत के बाद भड़के हंगामे से जुड़ा मामला**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कादीपुर कोतवाली में वर्ष 2002 में बलवा, पथराव व डकैती के मामले में पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा और रामार्य पाठक समेत 14 आरोपियों पर चल रहे मुकदमे में एक बार फिर अहम मोड़ आया है। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए एक्ट व अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी द्वितीय राकेश की अदालत ने वादी मुकदमा शिवराज सिंह को साक्ष्य के लिए तीन जुलाई को जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तलब किया है।

प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय की ओर से गवाह को तलब करने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें कहा गया कि पूर्व में बीमारी के कारण वादी गवाही नहीं दे सके। अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए 3 जुलाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया है। पुलिस अधीक्षक को साक्षी की पेशी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला 17 दिसम्बर 2002 को कादीपुर क्षेत्र स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने छात्रा पूनम श्रीवास्तव की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद भड़के हंगामे से जुड़ा है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने कोतवाली पहुंचकर नारेबाजी, बलवा, पथराव और डकैती की थी। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। अब इस बहुचर्चित मामले में साक्ष्य की अगली कड़ी पर तीन जुलाई को सुनवाई होगी।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई चार जुलाई तक टली

अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में बुधवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई चार जुलाई तक टल गई। मामले में अभियोजन गवाह सीएमएस डॉक्टर आरके मिश्र गवाही दर्ज की जा चुकी है जिनसे बचाव पक्ष की जिरह होनी है। छह अगस्त 2023 को भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई थी जिसमें मृतक के पिता मोहम्मद सलीम मे लोलेपुर के सिराज अहमद समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज कराया था। मामले में आरोप तय हो चुके है तथा केस अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।



दीवानी में अपने तख्तों पर कामकाज निपटाते अधिवक्ता।

### दोहरे हत्याकांड में नहीं हो सकी जिरह

**संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या से जुड़ा मामला**

चाचा-भतीजा हत्याकांड में बुधवार को अभियोजन गवाह के न आने से सुनवाई नही हो सकी। मामला एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत में विचाराधीन है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया अभियोजन साक्षी दुर्गेश यादव के न आने से कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख तय की है। नियत तारीख पर साक्षी दुर्गेश यादव से बचाव पक्ष की जिरह होनी है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन समेत 13 आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### पुलिस टीम पर हमले के मामले में बहस 8 जुलाई को

कूरेभार थाना क्षेत्र के मायंग में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में बहस नही हो सकी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने बहस के लिए आठ जुलाई की तारीख तय की है। कूरेभार थाने में 24 अगस्त 2006 को तत्कालीन एसओ जेएल सरोज ने पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में सोनू सिंह समेत उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के केस में सुनवाई चार को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे 24 वर्ष पहले हत्या के केस में बुधवार को सुनवाई अभियोजन गवाह के न आने से चार जुलाई तक टल गई। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्षी को जरिए जमानतीय वारंट तलब किया है। जामो थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 17 अप्रैल 2001 को आरोपी अशोक कुमार और विजय बहादुर पाल उसके घर पहुंचे और भाई राजकुमार को साथ ले गए। रात में दिछौली के पास राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की विवेचना में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह और रामविलास की भूमिका हत्या की साजिश रचने में पाई गई। दौरान विचारण आरोपी विजय बहादुर पाल की मौत हो गई है।

### संदीप यादव हत्याकांड में बहस आज

पूर्व प्रधान के बेटे संदीप यादव की हत्या के मामले में बुधवार को बचाव पक्ष की बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने बहस के लिए 26 जून की तारीख तय की है। मामला एडीजे प्रथम की अदालत संतोष कुमार की अदालत में विचाराधीन है। एडीजीसी वेद प्रकाश के मुताबिक अमेठी जिले के पीपरपुर के परसूपुर रामपुर निवासी पूर्व प्रधान दशरथ यादव ने 23 अगस्त 2014 को अपने बेटे संदीप यादव की गला काटकर हत्या किए जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उन्होंने गांव निवासी बृजेश सिंह, उनके भाई उमेश सिंह, सह आरोपी दिनेश सिंह, रिश्तेदार संतोष सिंह निवासी भारामल का पुरवा एवं आरोपी सूरज सिंह निवासी असरवन के खिलाफ हत्या समेत अन्य आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

# लाखों के जेवर व नकदी लेकर चोर फरार

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पखरौली गांव में मंगलवार रात करीब 5 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। चोरों ने घर के पीछे से घुसकर दरवाजे का ताला तोड़ा और अलमारी व बक्से में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित अविनाश कुमार अपने परिवार संग छत पर सो रहे थे। रात के अंधेरे में चोर घर के पिछले हिस्से से दाखिल हुए और अंदर रखे सोने की चेन, झुमका, माथबंदी, अंगूठी और अन्य आभूषणों के साथ-साथ 5000 नकद लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह जब परिजन नीचे उतरे, तो घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। अविनाश कुमार के अनुसार चोरी गई वस्तुओं की कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



चोरी के बाद बिखरा सामान। अमृत विचार

### सिरवारा गांव की दूध डेयरी में चोरी

थाना क्षेत्र के सिरवारा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक दूध डेयरी को निशाना बनाते हुए इन्वर्टर, बैटरी सहित अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिया। चोरों ने डेरी का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। दूध व्यवसायी ने सुबह घटना की जानकारी होते ही गोसाईगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

### किसान की मौत पर पत्नी को मिलेगा पांच लाख मुआवजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्य मृदुला राय और रमेश चन्द्र यादव की पीठ ने मंगलवार को एक महत्त्वपूर्ण निर्णय में ग्राम बेला पश्चिम कुड़वार निवासी अलका सिंह को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आदेश पारित किया है। अलका सिंह ने अपने पति लाल साहब की 4 फरवरी 2022 को करंट लगने से हुई मृत्यु के बाद आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया था, जिसे पहले देरी के आधार पर निरस्त कर दिया गया था। अदालत ने पाया कि दावा पात्रता के अनुसार था और विलंब उच्च न्यायालय की गाइडलाइन के अंतर्गत क्षम्य है। अदालत ने यूपी सरकार को आदेशित किया कि एक माह के भीतर अलका सिंह को 5 लाख रुपये मुआवजा, 10 हजार रुपये मानसिक पीड़ा हेतु और 10 हजार रुपये वाद व्यय के साथ 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज समेत भुगतान किया जाए।

## सार-संक्षेप



एसपी कार्यालय के बाहर खड़े शिकायतकर्ता। अमृत विचार

### एसपी से मिले ग्रामीण, लगाई न्याय की गुहार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दर्जन भर ग्रामीणों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीण कमला सिंह ने आरोप लगाया कि उनका पुरानी आबादी में खपरैल आवास था, जो गिरने के बाद छप्पर डालकर पुन: रिहायशी रूप में उपयोग कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, ग्राम प्रधान की शह पर अनुसूचित जाति की महिला सीमा व अन्य परिजनों ने छप्पर व टाटिया उजाड़कर मिट्टी डाल दी, उस समय घर में पुरुष नहीं थे और विरोध करने पर महिलाओं से गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश हुई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके पर मामला शांत कराया, लेकिन मोतिगरपुर पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान कर दिया, अब पीड़ित पक्ष का आरोप है कि एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच व आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। ग्रामीणों को अब प्रशासनिक स्तर से न्याय की उम्मीद है।

### गाली-गलौज के बाद लोहे की रॉड से किया हमला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के खौपुर गांव में हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने केस को सेशन कोर्ट के सुपुर्द कर दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख नियत की है। बुधवार को जेल में बंद आरोपित की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। अभियोजन के अनुसार, वादिनी संगीता के पति सनीराम को उसके जेठ मनीराम ने 9 मई को शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। हमले में सनीराम को गंभीर सिर की चोटें आईं, जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए गैर इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज कराया था, जिसे अब सत्र अदालत में सुना जाएगा।

### सहायक आयुक्त ने किया मनरेगा कार्यों स्थलीय निरीक्षण

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मनरेगा कार्यों में शिकायतों के बाद बुधवार को सहायक आयुक्त अरविंद मोहन ने तीन ग्राम पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण किया। भरथुआ तालाब पर मजदूरों की उपस्थिति और कार्य से वे संतुष्ट दिखे, लेकिन कल्याणपुर ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक द्वारा अपलोड की गई 10 मजदूरों की फोटो के बावजूद मौके पर दो माह से कोई काम नहीं मिला। धनऊपुर तालाब पर 120 मजदूरों के नाम दर्ज थे, लेकिन निरीक्षण में वहां भी गंभीर गड़बड़ी पाई गई। सहायक आयुक्त ने कहा कि कामों की एमबी नहीं बनाई गई है, इसलिए सभी कार्य शून्य कर दिए जाएंगे। कल्याणपुर में रोजगार सेवक और धनऊपुर में एक मिस्त्री मजदूर से बयान लेकर दस्तखत कराए गए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ अरविंद कुमार सिंह, सचिव देवव्रत पाल, तकनीशियन लोकेश दूबे, ग्रामीण अभियंता दीपचंद कनौजिया आदि मौजूद रहे। ब्लॉक में निरीक्षण की सूचना पर प्रधानों में हड़कंप मच गया।



रालोद की सदस्यता ग्रहण करते बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल।

### राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान को मिली नई गति

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान के तहत शहर के एक होटल में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पूर्व एमएलसी व प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह व महासचिव रजनीकांत मिश्रा का जोरदार स्वागत हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष बेलाल अहमद को सदस्यता रसीद बुक सौंपते हुए अभियान तेज करने के निर्देश दिए और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला ने कई अधिवक्ताओं के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें गमछा पहनाकर सक्रिय सदस्य घोषित किया। उन्होंने पदाधिकारियों को सक्रियता बढ़ाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ मिश्रा, शफीक खान, लकी ओझा, हिमांशु श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### भाजपा शासन में अघोषित इमरजेंसी: वरुण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ने बयान जारी कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल है, जहां सरकार की आलोचना करना और सच्चाई लिखना भी खतरे से खाली नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान, मीडिया और विपक्ष को दबाने का काम कर रही है। बेरोजगारी, महिला असुरक्षा और भ्रष्टाचार पर सरकार मौन है, जबकि देश भर में अराजकता का माहौल है।

### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय: जदयू

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जदयू प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल एवं प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि 1975 का आपातकाल लोकतंत्र की हत्या जैसा था। जार्ज फर्नांडिस व जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चले आंदोलन ने जनप्रतिरोध की लहर खड़ी की। छात्र, मजदूर, किसान, व्यापारी सभी आवाज़ बने। आपातकाल में बिना कारण हजारों लोगों को जेल भेजा गया। जदयू नेताओं ने इसे लोकतंत्र पर कलंक बताया।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनाथ तिवारी को श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता पं. रामनाथ तिवारी के निधन पर कांग्रेसजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि तिवारी पार्टी के समर्पित सिपाही थे, उनका निधन अपूरणीय क्षति है। 78 वर्षीय तिवारी अखंडनगर ब्लॉक निवासी थे और बीते दिनों दिल्ली में इलाजरत थे।

# रमेश बने उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश प्रवक्ता

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** व्यापारी हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु सतत सक्रिय संगठन कॉउन्सिल ऑफ़ उद्योग व्यापार मंच, जिसे नीति आयोग एवं कॉरपोरेट मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध किया गया है, ने सुलतानपुर के वरिष्ठ व्यापारी व समाजसेवी रमेश महेश्वरी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है।

बुधवार को संगठन के कैंप कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह की अध्यक्षता में रमेश महेश्वरी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बलदेव सिंह ने कहा कि, रमेश महेश्वरी का मनोनयन संगठन की सक्रियता व व्यापारी हितों की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मंडल अध्यक्ष अशोक कसौधन ने इसे संगठन के लिए एक बड़ा अवसर बताया, जबकि जिला अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने कहा, यह मनोनयन हमें व्यापारियों की समस्याओं को और मजबूती से उठाने का सशक्त माध्यम देगा। नव मनोनीत प्रदेश प्रवक्ता रमेश महेश्वरी ने कहा कि, यह पद मेरे लिए सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश भर के व्यापारी भाइयों की हर समस्या को हर स्तर पर उठाया जाएगा और उनके सम्मान से कभी समझौता नहीं होगा।



रमेश महेश्वरी को बनाया गया उद्योग व्यापार मंच का प्रदेश प्रवक्ता। अमृत विचार

**व्यापारी हितों की आवाज़ उठाने को मिला नया प्रतिनिधि**

### एसपी कार्यालय पहुंचते ही थाने में दर्ज हो गया केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि मंगल वर्मा व तीन साथियों ने उसे प्रसाद में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते रहे। आरोप है कि 15 जून को जब पीड़िता की मां ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पीटा और धमकी भी दी। पीड़िता ने कई बार थाने में तहरीर दी, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। आखिरकार मंगलवार को युवती ने एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपा। लेकिन जैसे ही थाना को इस शिकायत की भनक लगी, पुलिस ने 24 जून को पीड़िता की पहले दी गई तहरीर के आधार पर मारपीट की एफआईआर दर्ज कर दी। अखिल भारतीय हमारा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष रतन सोनी ने कहा कि जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। थाना प्रभारी ने कहा कि दुष्कर्म का मामला सही नहीं पाया गया, मारपीट की एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आयोजन** शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

# चयन वेतनमान की पत्रावलियां एक सप्ताह में होंगी निस्तारित

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय की अगुवाई में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षक समस्याओं पर वार्ता किया। समस्याओं के निदान का बीएसए ने आश्वासन दिया है।

बीएसए ने कहा कि शिक्षक व्यक्तिगत या संघ के माध्यम से कार्यालय में संपर्क करें, किसी बिचौलिए की आवश्यकता नहीं है। समस्याओं का समाधान फोन पर भी किया जाएगा, बिचौलिए की जानकारी देने पर सख्त कार्रवाई होगी। चयन वेतनमान की पत्रावलियां एक सप्ताह में निस्तारित, प्रोन्नति सूची शीघ्र प्रकाशित की जाएगी। विभागीय कार्रवाई में आए शिक्षकों के स्पष्टीकरण लेकर निष्पादन हो रहा है, किसी को असुविधा नहीं होगी। संघ ने बीएसए उपेंद्र गुप्ता की निष्पक्ष, पारदर्शी कार्यशैली की सराहना करते हुए सहयोग का भरोसा जताया। बीएसए ने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों को कार्यालय स्तर पर कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। संघ ने शासन की मंशा अनुरूप कार्यों में संयुक्त प्रयास की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री डॉ. एचबी सिंह, विनोद यादव, राम बहादुर मिश्र, डॉ. रीतेश सिंह, अंजनी शर्मा, धीरेन्द्र राव, राजकुमार चौधरी सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।



बीएसए से मिलकर समस्याओं के निदान की मांग करते प्राशिसं के पदाधिकारी।

### एडी बेसिक से मिले शिक्षक नेता, समस्याओं पर चर्चा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल कौस्तुभ कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश पीईएस एसोसिएशन का पुन: प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यालय में भेंट कर बधाई दी। शिष्टाचार मुलाकात में शिक्षा उन्नयन, बेसिक शिक्षा विभाग के विषयों और शिक्षकों की समस्याओं पर सार्थक चर्चा हुई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह और संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में मुलाकात संपन्न हुई। दूबेपुर अध्यक्ष रमेश तिवारी ने परिनिंदित शिक्षकों की बहाली के संदर्भ में सवाल किया, जिस पर अधिकारी ने आश्वस्त किया कि परिनिंदा उनके स्तर से हटाई जाएगी। इस मौके पर जिला मंत्री राम आशीष मौर्य, राजीव मिश्रा, देशराज, राम भारत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर में मिलने लगी विश्वस्तरीय पंचकर्म चिकित्सा सुविधा

- गोरखनाथ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद कॉलेज में सीएम के विजन से मिल रही है सेवा
- 1 जुलाई को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी पंचकर्म केंद्र का औपचारिक लोकार्पण

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** कई गंभीर बीमारियों में कारगर माने जाने वाले आयुर्वेद के पंचकर्म चिकित्सा की विश्वस्तरीय सुविधा अब गोरखपुर में भी मिलने लगी है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के आयुर्वेद कॉलेज (गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) के पंचकर्म केंद्र में रोगियों को इस महत्वपूर्ण सेवा का लाभ सिर्फ लागत दर पर मिल रहा है। यहां के पंचकर्म केंद्र का औपचारिक लोकार्पण 01 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों होने जा रहा है।

गोरखपुर में पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा कतिपय स्थानीय संस्थानों में मिल रही थी। इसे वैश्विक स्तर की सुविधाओं से जोड़ने की पहल महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद कॉलेज में की गई। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं और उनके विजन के अनुरूप यहां जिस तरह से पंचकर्म केंद्र को शुरू किया है वह इस चिकित्सा पद्धति में प्रसिद्ध दक्षिण भारत से भी बेहतरीन है। एमजीयूजी के आयुर्वेद कॉलेज में पंचकर्म के लिए जो केंद्र बनाया गया है उसमें 11 कॉटेज, अलग-अलग पुरुष और महिला चिकित्सा कक्ष, तैयारी कक्ष और दो परामर्श कक्ष शामिल हैं। पंचकर्म भारत के प्राचीन आयुर्वेद विज्ञान के अंतर्गत एक प्राथमिक उपचार पद्धति है। यह मन, शरीर और चेतना के लिए संतुलन कायाकल्प प्रदान करता है। ये उपचार शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं और मानक संतुलन को बहाल करते हैं। स्वास्थ्य में सुधार करते हैं, प्रतिरक्षा को मजबूत करते हैं, तनाव के नकारात्मक प्रभावों को उलटते हैं। पंचकर्म चिकित्सा रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए भी जानी जाती है। पंचकर्म केंद्र के प्रभारी डॉ. श्रीधर बताते हैं कि यहां नसों की बीमारी, मोटापा, अस्थमा, जोड़ों का दर्द, गठिया, सियाटिका, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, चर्म रोग, मानसिक तनाव, स्ट्रोक, रीढ़ की हड्डी के रोग, थायराइड, मधुमेह, कंधे का दर्द, यूरिक एसिड, नपुंसकता आदि का इलाज पंचकर्म में निहित पांच प्रक्रियाओं (वमन, विरेचन, नस्ती, नस्य और रक्तमोक्षण) द्वारा किया जा रहा है। डॉ. श्रीधर बताते हैं कि यहां पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा यूपी के अन्य जिलों और दूसरे राज्यों से भी लोग आ रहे हैं। कानपुर की आकांक्षा तेरह सालों से दर्दनाक बीमारी ट्राइजेमिनल न्यूरोलजिया से पीड़ित थीं। इस बीमारी में चेहरे पर बर्दाश्त के बाहर झन्नाटेदार तेज दर्द होता है। आकांक्षा देश मे कई डॉक्टरों को दिखा चुकी थीं लेकिन दर्द से राहत नहीं मिल रही थी। नौबत सर्जरी कराने की आ गई थी। उन्हें एमजीयूजी के आयुर्वेद कॉलेज में विश्व स्तरीय पंचकर्म चिकित्सा की जानकारी हुई तो सिर्फ आजमाने के लिए उन्होंने यहां पंचकर्म की सेवा ली। पंद्रह दिन के इलाज के बाद आकांक्षा का कहना है कि वह दर्द से निजात पा चुकी हैं और अब उन्हें सर्जरी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह सरहरी निवासी रामकृष्ण प्रजापति की पत्नी को कमर में असहनीय दर्द रहता था। एक सप्ताह तक पंचकर्म चिकित्सा के बाद वह दर्द से राहत महसूस कर रही हैं। सर्वाइकल के इलाज के लिए लखनऊ तक इलाज कराने वाली रंजू देवी पत्नी दयाशंकर यादव और घुटने में आर्थराइटिस से पीड़ित बुजुर्ग महिला अजहरुन्निशा का भी कहना है कि पंचकर्म चिकित्सा से उनका संतुष्टिपरक इलाज हुआ है।

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा

## जांच के दौरान पुलिस की शक की सुई पुत्र की ओर घूमी, पूछताछ में किया कबूल

संवाददाता, गोरखपुर

**पड़ताल**

- पहले पुत्र ने गांव के 10 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अपराधी चाहे कितना ही शातिर क्यों ना हो वह पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकता है, गोरखपुर के एसएसपी राज करन नैय्यर की सूझबूझ व एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा अनुराग कुमार की जांच में सामने आया कि 65 वर्षीय राजेंद्र यादव की हत्या उसके अपने ही पुत्र धर्मेंद्र यादव ने की थी। मामले में पुलिस धर्मेंद्र यादव की तहरीर पर 10 नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी।

घटना के सीन रीक्रिएशन और तकनीकी रूप से की गई जांच में पुलिस ने पाया कि राजेंद्र यादव की हत्या उसके किसी करीबी ने ही की थी। इसी एंगल पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस के शक की सुई राजेंद्र यादव के पुत्र धर्मेंद्र की तरफ भी घूम गई। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो किया तो उसने घटना कबूल की। धर्मेंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब रहती थी। वह काफी दिन से घर पर ही रह रहा था। पिता ही घर का खर्च उठा रहे थे। वह बार-बार उसे डांटते-फटकारते थे। इससे नाराज होकर उसने कुल्हाड़ी से वार कर अपने पिता की हत्या कर दी और खुद वादी बनकर गांव के ही 10 लोगों के विरुद्ध हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना चौरी चौरा पर रिपोर्ट दर्ज करा दी। घटना का खुलासा पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी राज करन नय्यर ने किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की निष्पक्ष जांच की वजह से घटना का सही खुलासा हुआ है और 10 निर्दोष लोगों को बचाने में पुलिस ने सफलता हासिल की। टीम में चौरीचौरा थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ,उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अनिश सिंह, उप निरीक्षक रजनीश मिश्रा, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव ,कांस्टेबल आजाद अली, विकास सिंह, हेमंत, महिला कांस्टेबल शाहीन परवीन शामिल रही।

# सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार:** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कोटवा घुघुली मार्ग पर बाइक सवार पति-पत्नी दुर्घटना के शिकार हो गए। हादसे पत्नी की मृत्यु हो गई और पति की हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार के दोपहर तीन बजे खड्डा थाना क्षेत्र के गुलहरिया के टोला एकडंगा निवासी गोलू अपने पत्नी का इलाज कराने कोटवा जा रहा था। कोटवा घुघुली मार्ग के ढोलहा के समीप पहुंचे ही थे कि गोलू की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। सड़क पर गिरने से गोलू और 23 वर्षीय पत्नी सलोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी नेबुआ नौरंगिया भेजवाया। डाक्टरों की परिक्षण के बाद सलोनी को मृत्यु घोषित कर दिया और गंभीर रूप से धायल गोलू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

# कुशीनगर में पुलिस व पशु तस्करों के बीच मुठभेड़, एक घायल, दो गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर



घायल तस्कर को को जिला ले जाती पुलिस टीम। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार:** तरयासुजान थाना क्षेत्र में मंगलवार को पशु तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक तस्कर गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो पशु तस्कर मौके से गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने उनके कब्जे से 11 राशि गोवंश, एक पिकअप, एक मैजिक वाहन, अवैध तमंचा, कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया है। यह गोवंश वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। सूचना पर तरयासुजान क्षेत्र के बहादुरपुर चौकी के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पिकअप व मैजिक वाहन को रोकने का प्रयास किया गया,तो तस्करों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से एक तस्कर घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल पशु तस्कर की पहचान संजय यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी करम्बर मठिया थाना खेजुरी, जनपद बलिया के रूप में हुई। उसका साथी रोशन सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी धनी छपरा थाना माझी, जनपद छपरा (बिहार) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में तरयासुजान थाना प्रभारी धनवीर सिंह, तमकुहीराज प्रभारी निरीक्षक सुशील शुक्ला,पटहेरवा थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा व चौकी प्रभारी बहादुरपुर उपनिरीक्षक अनुराग शर्मा की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

### तस्करी के लिए रखा ब्राजील मटर व डीएपी बरामद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के चौकी बजहा क्षेत्र के सीमा के गौरी टोले के मकान में तस्करी के लिए रखा 45बोरी ब्राज़ील मटर वा पांच बोरी डीएपी खाद बरामद किया गया है। सूचना वाहक ने जिलाधिकारी को सूचना दिया कि कोतवाली क्षेत्र के गौरी सीमा पर तस्कर भारी मात्रा में तस्करी के सामान रखे है। मंगलवार मध्य रात्रि में जिला अधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी,तहसीलदार मजिस्ट्रेट,एसएसबी,मंडी सचिव मौके पर छापे मारी किया। एक मकान में ताला लगा मिला जिसे सील किया गया। बुधवार को टीम मौके पर पहुंची,सील तोड़ा गयाजिसमे 45 बोरी ब्राजीली मक्का वा पांच बोरी डीएपी खाद बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की पहचान सर्वजीत साहनी पुत्र पंचम ग्राम सभा भरवालिया टोला भरवालिया थाना कपिलवस्तु के रूप में हुई।

# समय सीमा में ही निस्तारित कराएं वरासत के प्रकरण: जिलाधिकारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश की उपस्थिति में राजस्व वाद एवं वसूली के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी द्वारा निर्विवाद वरासत एवं राजस्व वादों के निस्तारण आदि की समीक्षा की गयी। निर्विवाद वरासत की कोई प्रकरण लम्बित न रहे समय सीमा के अन्दर निस्तारण करायें, राजस्व निरीक्षक लेखपाल के स्तर पर लम्बित होने पर उनको नोटिस निर्गत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी/ उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार/ तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार प्रत्येक दिन कोर्ट में बैठकर 03 वर्ष व 05 वर्ष से अधिक के सभी वादो का निस्तारण करें। वादो की ऑनलाइन फीडिंग कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय, अन्नपूर्णा भवन, फायर स्टेशन, जल जीवन मिशन योजना के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि हाट पैठ हेतु भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराये। मत्स्य पालन हेतु सभी तालाबो की नीलामी कराने का निर्देश दिया। खुर्रा बटवारा के प्रकरण निस्तारित कराये कोई भी प्रकरण लम्बित नही रहना चाहिए। इसके साथ ही सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उस पर पत्थर लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री, आबकारी, स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, मण्डी समिति, परिवहन, विद्युत, रायल्टी, आदि विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांसी शंशाक शेखर राय, शोहरतगढ़ राहुल सिंह, समस्त तहसीलदार, समस्त तहसीलदार, न्यायिक, नायब तहसीलदार, ड्रनेज खण्ड, व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम क्रियाशील

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल यात्रियों की सुगम, सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा हेतु प्रतिबद्ध पूर्वोत्तर रेलवे मानसून के दौरान गाडियों के सुरक्षित संचलन सुनिश्चित करने के लिये तैयारी पूरी कर ली है। इसके अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के 18 महत्वपूर्ण पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम को क्रियाशील कर दिया गया है। वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम सेंसरयुक्त होता है, जिसमें एक चिप लगा होता है जो ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इस प्रणाली में रेल पुलों से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक एवं रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर फीड रहता है। पुलों पर जल स्तर के घटने-बढ़ने की सटीक जानकारी एस.एम.एस. के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को मिलती रहती है। जिससे मानसून के दौरान जल स्तर की मॉनिटरिंग करना आसान होता है। इससे ट्रेनों के सुचारू रूप से संचलन में काफी मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल मापन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्थानों पर जल मापी यंत्र लगाया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# आपातकाल दिवस की वर्षगांठ पर लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आपातकाल दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद खलीलाबाद अष्टभुजा शुक्ला, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान द्वारा उद्घाटन किया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बाद में विकास भवन परिसर में पौधरोपण किया गया। अम्बेडकर सभागार में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद खलीलाबाद अष्टभुजा शुक्ला, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व सांसद खलीलाबाद अष्टभुजा शुक्ला, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री के निर्वाचन को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक करार दिया गया। जिसके पश्चात 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू किया गया। आपातकाल में लाखों लोगों को जेल में भेज दिया गया। हमे संविधान का अक्षरशः पालन करना चाहिए।

**बैठक** — वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था बनाने में जनपद के योगदान पर हुई चर्चा, डीएम ने दिए निर्देश

# सर्विस सेक्टर में कुशीनगर पीछे, इस पर कार्य करने की जरूरत

संवाददाता कुशीनगर



जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में की गई बैठक।। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ओटीडी सेल की बैठक की गई। जनपद स्तर पर सभी विभागाध्यक्षों को राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने की दिशा में कार्य करने, निवेश एवं पर्यटन उद्योग को बढ़ाने तथा सौंपे गए दायित्वों का सकुशल निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्राइमरी सेक्टर अंतर्गत कृषि, उद्यान,पशुधन सहित मत्स्य आदि के क्षेत्र में हमें कार्य करना पड़ेगा, इसके मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी जनपद बहुत पीछे है इसके अंतर्गत हमें लग कर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया तथा सर्विस सेक्टर में भी जनपद बहुत पीछे है जिस पर कार्य करने की जरूरत बताई गई। समीक्षा के दौरान घरेलू उत्पाद पर चर्चा की गई जिसके अंतर्गत उत्पादकता बढ़ाए जाने, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता तथा दुग्ध प्रोसेसिंग यूनिट की भी समीक्षा करे। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं उनके कार्यशील होने, राजमार्गों, विद्युत ग्रिड, लॉजिस्टिक्स हब, विशेष औद्योगिक क्षेत्र आदि सुविधाओं के निर्माण कार्यों पर ध्यान दें । स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योगों से समन्वय कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कौशल को चिन्हित करें तथा पर्यटन के दृष्टिगत विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करें । उन्होंने कहा जिला ओ टी डी सेल की समीक्षा भी नियमित समयांतराल पर की जाएगी तथा इसके आधार पर जनपद की अर्थव्यवस्था रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हेतु इस सेल का गठन किया गया है, इसमें जनपद की कितनी और क्या भूमिका है, उन्होंने जीडीपी के संबंध में मदवार प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर के आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि हम सब को सही ढंग से समझना होगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता, सहायक पर्यटन अधिकारी डॉ प्राण रंजन, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन में मोबाइल लूटने वाले गिरोह के 3 सदस्य दबोचे



पकड़े गए लोगों के साथ पुलिस अधिकारी।

**गोरखपुर अमृत विचार।** ट्रेन के गेट या खिड़की पर बैठे यात्रियों के हाथ पर डंडे से प्रहार कर मोबाइल लूटने करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है ।पुलिस ने उनके पास से छः मोबाइल फोन जिसकी कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए है बरामद किया गया है पकड़े गए बदमाश शहर में किराए का कमरा लेकर चोरी और छिनैती की घटना को अंजाम दिया करते थे, रेलवे स्टेशन गोरखपुर, छावनी, डोमिनगढ़ के आउटर पर खड़े होकर ट्रेन के गेट या खिड़की पर बैठे यात्रियों के मोबाइल व सामान को डंडे से मार कर गिरा देते थे और मोबाइल लेकर फरार हो जाते थे अगर गाड़ी की स्पीड कम होती थी तो उनके साथी बदमाशों का बचाव करने के लिए यात्रियों पर पत्थर बरसाते थे। पकड़े गए आरोपी अनुराग मौर्य कुशीनगर, मोहित कुमार गोरखपुर, अनूप गौड़ कुशीनगर है जिन्हें पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया। घटना का खुलासा एसपी जीआरपी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी जीआरपी विनोद कुमार सिंह ने किया। उक्त दौरान एसपी जीआरपी लक्ष्मी निवास मिश्रा इंस्पेक्टर जीआरपी विजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### 43 मामलों में 20 का मौके पर हुआ निस्तारण



जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं अन्य अधिकारी।

**कुशीनगर अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5 .0 महिला उत्पीड़न घटनाओं की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को तहसील सभागार कसया में किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुन्दन कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कसया, जिला प्रोवेशन अधिकारी धर्मवीर सिंह, तहसीलदार कसया, अमित कुमार राय अध्यक्ष बाल कल्याण समिति कुशीनगर आदि की उपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान राशन कार्ड,जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, कस्तूरबा विद्यालय में बच्चियों को नि :शुल्क शिक्षा के साथ–साथ पुलिस विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राशन कार्ड से संबंधित 06. पुलिस विभाग के 02, राजस्व विभाग 19 आवास के मामले,पेंशन के 02. चिकित्सा विभाग के 01, खण्ड विकास अधिकारी 04 व 03 अन्य मामले, सहित कुल 43 मामले प्रस्तुत हुए जिनमे 20 प्रकरण का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष प्रकरण संबंधित विभागों को प्रेषित कर आख्या सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जनसुनवाई के बाद वृद्धा आश्रम कसया का निरीक्षण कर वृद्धजन के साथ भोजन भी की। इसके पश्चात ऑगनबाडी केन्द्र विशम्भरपुर तथा वन स्टॉप सेंटर कुशीनगर का औचक निरीक्षण किया गया।

### पूरा देश राहुल की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा



सभा को संबोधित करते वक्ता।

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सृजन अभियान के तहत बुधवार को डुमरियागंज ब्लाक के जिमडी गांव में बैठक कर उपस्थित लोगों को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने की अपील की गई। मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि जनपद में जिला, ब्लाक, मंडल, न्याय पंचायत एवं बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी का मजबूत संगठन खड़ा कर के ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ कर 2027 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनायेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव विनय यादव ने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। ब्लाक अध्यक्ष मुकेश चौबे अध्यक्षता में संपन्न बैठक में रियाज़ मनिहार, आसिफ रिज़्वी, अलीमुद्दीन ख़ान, मुकेश चौबे, नजीबुल्लाह, मोहम्मद हारून, जहीर अहमद प्रधान, मौलाना अबुबकर, गुड्डू साहनी, जयराम, उजैर ख़ान, अजीजुद्दीन, अजीमुद्दीन, मो आसिफ, सद्दाम हुसैन, गंगा राम, जमालुद्दीन बेलाल, मुदस्सिर, जीशान, सलमान अहमद, मो. अज़ीम आदि मौजूद रहे।

### पुणे में हुए हादसे में कुशीनगर के युवक की मौत

**कुशीनगर अमृत विचार :** महाराष्ट्र के पुणे स्थित एक सीमेंट कंपनी में काम के दौरान हुए हादसे में कुशीनगर के एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम दोघरा शेखवापट्टी निवासी 24 वर्षीय शैलेश चौहान के रूप में हुई है। यह हादसा 22 जून की दोपहर उस समय हुआ जब शैलेश कंपनी में काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि लगभग 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शैलेश करीब एक माह पहले ही नौकरी की तलाश में पुणे गया था। वह अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके पीछे माता–पिता, पत्नी और 10 माह का बेटा इसके अलावा उसकी तीन बहनें और दो छोटे भाई भी हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

### भारत- नेपाल सीमा सुरक्षा को हुई समन्वय बैठक

**ककरहवा ,सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** भारत–नेपाल सीमा पर स्थित सीमा चौकी सशस्त्र सीमा बल ककरहवा में बुद्धवार को कस्टम विभाग, नेपाल एपीएफ तथा नेपाल पुलिस के साथ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समन्वय बैठक का आयोजन किया गया । यह आयोजन सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपसी समन्वय बढ़ाने के लिए किया गया है। इसके उपरांत भारत–नेपाल सीमा पर संयुक्त पैदल गश्त की गई। इस बैठक में एसएसबी की तरफ से कमांडेंट 43वी वाहिनी उज्जल दत्ता, निरीक्षक सामान्य राम प्रताप सिंह, निरीक्षक रमन कुमार, कस्टम विभाग से निरीक्षक संजीव कुमार, थानाध्यक्ष मोहाना रोहित उपाध्याय, नेपाल एपीएफ से निरीक्षक राम कुमार घिमरे और नेपाल पुलिस के एसएसआई माधव पंथी एवं चौकी प्रभारी ककरहवा वीरेंद्र यादव शामिल हुए ।

### विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के निर्देश पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, प्रकाश चन्द्र जायसवाल के आदेशानुसार वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक के नेतृत्व में 10 से 23 जून,2025 तक गोरखपुर से भटनी, गोरखपुर से गोण्डा, गोरखपुर से बस्ती, गोरखपुर से मनकापुर, गोरखपुर से लखनऊ तथा गोरखपुर से सिसवा बाजार खण्ड में वाणिज्य विभाग द्वारा गहन मॉनिटरिंग एवं विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जॉच की गयी, जिसके फलस्वरूप कुल 2272 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामले पकड़े गये जिनसे कुल रूपया 15,24,470/– (पन्द्रह लाख चौबीस हजार चार सौ सत्तर रूपये) के रेल राजस्व की वसूली कर रेल खाते में जमा कराया गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने उक्त जानकारी दी।

### पुराने भवन की मरम्मत, लिया नये निर्माण का भुगतान

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** विकासखंड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत सेमरा में सहकारी समिति के पुराने जर्जर भवन की मरम्मत करवाकर नया भवन निर्माण दिखाकर सरकारी धन की बंदर बाट करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमेश पांडेय का आरोप है कि सहकारी समिति के सचिव की मिलीभगत से ठेकेदार ने समिति के पुराने भवन की छत तोड़कर व दीवार का पुराना प्लास्टर निकलवाकर उसकी मरम्मत कराई गई। उसके बाद भवन की दीवार पर प्लास्टर करवा छत लगवाकर सरकारी धन को निकाल लिया गया है, जबकि 2024–25 में समिति का जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण करके नए भवन निर्माण करने का टेंडर हुआ था। प्रधान प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि लगभग 15 ट्राली मलबा और 20 क्विंटल पुरानी छड़ व लोहा सचिव ने खुद बेचकर रुपये हड़प लिए हैं। इसका वीडियो इंटरनेट पर डाल दिया गया। गांव के अनिल, राकेश ने कहा कि अगर यही सच है तो भी भवन के मलबे की नीलामी होनी चाहिए तथा उसका धन राजस्व के खाते में जमा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेमरा सहकारी समिति मुड़िया खुर्द के नाम से दर्ज है। इस भवन को बनाने में काफी अनियमितता बरती गई है। इसकी निष्पक्ष जांच कराने के लिए डीएम व एसडीएम तथा सहकारी समिति के अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। इस बारे में सहकारी समिति के सचिव नेतराम यादव का कहना है कि मलबा कौन ले गया, उसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। भवन का निर्माण मानक के अनुरूप करवाया गया है।

# युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

● एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन

मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।



### स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

### सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

# भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा

### कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

# आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। आलू क्षेत्र में उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और मूल्य श्रृंखला में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है। सीआईपी का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में स्थापित हो रहा है।



● केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

### गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रूपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

## वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

# देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।



● केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश

## राष्ट्रीय

### एक नजर

**बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली**

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

**अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था**

**श्रीनगर।** कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

**7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार**

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,



नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

# मोदी के कारण संविधान संकट में आज अघोषित आपातकाल : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है। वह आपातकाल तो खत्म हो गया, लेकिन मोदी सरकार में अघोषित आपातकाल है।

खरगे ने कहा कि मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। अब ये संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं। आपातकाल के 50 साल पूरा होने के बाद उसे दोहरा रहे हैं। उन्होंने भाजपा के वैचारिक पूर्वजों का हवाला देते हुए कहा कि जिनका आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं रहा, जिनका संविधान के निर्माण कोई योगदान नहीं रहा, जो हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिन लोगों ने बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को रामलीला मैदान में जलाया, उन्हें अब सद्बुद्धि आई। खरगे ने दावा किया, हम एक साल से संविधान बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं, उससे भाजपा घबरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार शासन में नाकाम रही।



● कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- भाजपा संविधान हत्या दिवस मनाने का कर रही नाटक

# दिल्ली के रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन और राकेश राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

● रोहिणी के रिठाला इलाके की पांच मंजिला इमारत की आग बुझाने पहूंची दमकल की 16 गाड़ियां

### आपदा प्रबंधन



एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेसी

# सोनम के गायब हुए सामान में तमंचा होने की आशंका

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** राजा रघुवंशी हत्याकांड के अहम सबूत छिपाने और मिटाने के आरोपी की निशानदेही पर मेघालय पुलिस ने इंदौर में बुधवार को एक नाले से प्लास्टिक की थैली में बंधा सामान बरामद किया। माना जा रहा है कि इसमें तमंचा हो सकता है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड

मेघालय पुलिस मामले में गिरफ्तार रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स के साथ शहर के पलासिया क्षेत्र के एक नाले प्लास्टिक की थैली में बंधा सामान मिला। इस बारे में मेघालय पुलिस का कोई बयान सामने नहीं आया है। इंदौर पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक की थैली में तमंचा हो सकता है। इसको अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें सोनम उनके हत्याकांड के बाद मेघालय से फरार होने के बाद कई दिन तक रुकी थी।

# रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी पर बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अफसरों को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 24 जून को जिला जेल गाजियाबाद से रिहा किए आरोपी को पांच लाख का मुआवजा दे।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक पीठ के समक्ष पेश हुए। राज्य के वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा किया गया और देर का पता लगाया जा है। पीठ ने गाजियाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र जज को जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपी का दावा था कि उसे इस आधार पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।



● राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

### नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

### वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

## रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

**पुरी।** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

# उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

### ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

# शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

**भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर** ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण ( रन गति को कम कर ) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

### चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।


शार्दुल ठाकुर। ● एजेंसी


कुलदीप यादव।

# हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

**लीड्स, एजेंसी**

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

बुमराह कौन से गेम खेलेंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मैच दर मैच तय होता है। एक बार जब हम लंबे ब्रेक के बाद अगले मैच के करीब होंगे तब देखा जायेगा। गौरतलब है कि लीड्स के मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े, जिससे उन्हें मैच गवाना पड़ा। अकेले यशस्वी जायसवाल ने चार कैच छोड़े। इससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को और रन बनाने का मौका मिला और उन्होंने जीत हासिल की।


शुभमन गिल।


यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। ● एजेंसी

# हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली :** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9 .5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली :** आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

## पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**दुबई :** भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

# कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।


● **मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष**

## तीन और शतक लगे थे, पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर बोले गंभीर

**लीड्स, एजेंसी :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऋषभ पंत के दो शतक जैसी व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे और जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम नतीजा होता है जो टीम हासिल नहीं कर सकी। गंभीर से जब पंत के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा तीन और शतक बने थे । ये सब सकारात्मक बातें हैं । शुक्रिया। मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा अगर आप कहते कि यशस्वी (जायसवाल) ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पदार्पण में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाये। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था। कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखती। भारत को इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। उन्होंने कहा ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। उन्होंने कहा व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थी लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके।

## पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

**लीड्स :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। श्रृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

# भारतीय क्रिकेट ने जब कामयाबी की नींव रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।

कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी । ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था । मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं। द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है।

गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डस पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा।

**विश्व कप जीत के 42 साल**



# काश ! मैने अच्छा प्रदर्शन किया होता: नीरज

**ओस्ट्रावा, एजेंसी**

भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं।

चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।

आज वह सपना सच हो गया है। उन्होंने हालांकि कहा मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता। दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83.45 मीटर का थ्रो फेंका। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आये । उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है।

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। चोपड़ा यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बेंगलुरु में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

● **गोल्डन स्पाइक जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा**


नीरज चोपड़ा।

## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

# अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां
# जब मंगल पर रहेगा मानव



अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से

### संभावनाओं भरा इतिहास

कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं। इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

### अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने। सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

### नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साझा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

### प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स- 1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

### असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

### भविष्य की योजनाएं

**नासा**

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

**इसरो**

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

**स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र**

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

## एक नजर

### थाईलैंड के प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाएगा भारत

**बैंकाक।** भारतीय प्रौद्योगिकीविद् इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री की बैंकॉक यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाने में थाईलैंड की मदद करेंगे। डिजिटल अर्थव्यवस्था और सोसाइटी मंत्रालय के स्थायी सचिव प्रोफेसर विसित विसितसोरा-एटी ने कहा, हम फिलहाल दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी समझौते पर आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत भारत की मदद से थाईलैंड में प्रौद्योगिकी पेशेवरों को कुशल बनाया जाएगा।

### कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3 :25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

### विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं

## अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की नई रिपोर्ट, पर ईरान ने कहा- हमारे ठिकानों पर भारी नुकसान

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। हालांकि खुद ईरान ने कहा है कि अमेरिकी हमले में उसके परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

शुरुआती आकलन से अवगत दो व्यक्तियों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से अच्छा खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है।

मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है।



तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

### अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

**द हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

### ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

# साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

- ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी

अहमदाबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

### कर्नाटक: इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

# बांग्लादेश: हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी।

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) हसीना के खिलाफ मुकदमा चला रही है। हसीना की करीब 16 साल पुरानी सरकार पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के एक आंदोलन के बाद गिर गई थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील के तौर पर नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है।

एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री के बचाव के लिए उनकी नियुक्ति की थी। हसीना पर जुलाई से अगस्त 2024 के दौरान देश में नरसंहार का आरोप है। न्यायाधिकरण ने संबंधित घटनाक्रम में आमिर हुसैन को हसीना तथा उनकी कैबिनेट में गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल के लिए बचाव पक्ष का वकील नियुक्त किया। टीटू ने पिछले साल फेसबुक पर एक टिप्पणी की थी जिस पर हाल में मीडिया में विवाद उठा।



- **अपराध न्यायाधिकरण चला रहा है हसीना पर मुकदमा**

# भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

- **अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

# कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद मची तबाही

## तीन लोग लापता, कई घर, स्कूल, सड़कें और पुलों को पहुंचा भारी नुकसान

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं।

अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले के मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। टीम मौके पर मौजूद है और तलाश अभियान जारी है।

मणिकरण घाटी में ब्रह्म गंगा नाले में अचानक बाढ़ आने की भी सूचना मिली है। पानी का स्तर कई घरों तक पहुंच गया है और अगर यह जल्दी कम नहीं हुआ तो इससे नुकसान हो सकता है। कुल्लू में कई जगहों पर भारी बाढ़ के कई वीडियो में तबाही के निशान दिखे हैं। एक वीडियो में एक वाहन कीचड़ भरे पानी में बहता हुआ दिखाई दे रहा है।

बंजार के विधायक सुरिंदर शौरी ने कहा, सुबह से भारी बारिश हो रही है और मुझे कई कॉल आए हैं कि बारिश के कारण सैंज, तीर्थन और गड़सा में नुकसान हुआ है। मैंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने को कहा है क्योंकि लोग परेशान हैं। ब्यास और सतलुज नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके अलावा, लाहौल और स्पीति पुलिस ने कहा कि काजा से समदोह तक सड़क भूस्खलन, मलबा गिरने और नालों के उफान पर होने के कारण कई स्थानों पर अवरूद्ध हो गई है।



कुल्लू में बादल फटने के बाद ब्रह्म गंगा नाले में बाढ़ आ गई जिसने आबादी में भारी नुकसान पहुंचाया।

# गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा, एजेंसी

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा, सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।



गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

- **सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी**

# अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

## शिखर सम्मेलन

### सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित

# ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत

## बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को किया गया दरकिनार

द हेग, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। हालांकि रक्षा खर्च बढ़ाने पर सहमति के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को दरकिनार कर दिया गया।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर से संदेह जताया था।

रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि पर सहमति के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दरकिनार दिखाई दिए। वर्ष 2022 से रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन हमेशा नाटो शिखर सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहा है, लेकिन जब गठबंधन के नेताओं की वार्षिक बैठक हेग में शुरू हुई, तो वोलोदिमीर जेलेंस्की कमरे में नहीं थे।

इसके बजाय, जेलेंस्की ने शिखर सम्मेलन स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित नेताओं के साथ आमने-सामने की बैठकों की एक शृंखला निर्धारित की। इस वर्ष के शुरू में अमेरिका में ओवल ऑफिस में ट्रंप और जेलेंस्की की झड़प हुई थी। ट्रंप ने सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से कहा, ठीक है, हम स्पष्ट बातों पर चर्चा करेंगे।




शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

### जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

**तोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।